हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025

तापमान

अधिकतम 31.7 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

14 पुलिस के कैमरे नियम तोड़ने वाले वाहनों को...



12 तुलसी विवाह हमारी समृद्ध परंपराओं लोकआस्था...



# क्या सिस्टम है? हमर अस्पताल में 10 एमएल की सीरिंज नहीं, इसलिए मरीजों को 5-5 एमएल के दो इंजेक्शन ठोक रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसमी सहित विभिन्न तरह की छोटी बीमारियों का इलाज करने वाला हमर अस्पताल पिछले तीन माह से 10 एमएल की सीरिंज की बाट जोह रहा है। डिमांड के बाद भी सप्लाई नहीं होने की वजह से जरूरतमंद मरीजों को 5-5 एमएल की सीरिंज से दो डोज लगाकर काम चलाया जा रहा है। ज्यादा जरूरत होने पर मरीजों को सीरिंज खरीदकर लाना पड़ रहा है। विभागीय अफसरों के मुताबिक, डिमांड के बाद भी सीजीएमएससी से इसकी सप्लाई नहीं हो रही है। इसी तरह लगभग सभी मरीजों को दी जाने वाली एंटी बायोटिक दवा की सप्लाई भी बाधित है। शहर के लोगों को प्राथमिक उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न स्थानों में हमर अस्पताल बनाए गए हैं। यहां आने वाले स्थानीय मरीजों को सर्दी-बुखार के साथ कई अन्य तरह की बीमारियों और समस्याओं का उपचार के माध्यम से निदान किया जाता है। हमर अस्पताल से जुड़े सूत्रों के अनुसार, पिछले तीन-चार माह से ये हमर अस्पताल कुछ जरूरी ▶▶|शेष पेज 13 पर

## सीजीएमएससी से सप्लाई नहीं, जरूरी होने पर खरीदकर लाना पड़ रहा

### नए टेंडर में अटका मामला

सूत्रों के अनुसार, सीजीएमएससी इन दवाओं और सीरिंज की खरीदी के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर रहा है। सप्लाई की आवश्यक कार्यवाही पूरी नहीं होने की वजह सीरिंज की सप्लाई नहीं हो पाई है। कुछ ऐसी ही समस्या एंटीबायोटिक दवाओं को लेकर भी है। दवा निगम से जुड़े सूत्रों का कहना है कि शीघ्र ही इन हेल्थ सेंटरों में दवाओं की सप्लाई कर दी जाएगी।




■ पिछले तीन महीने से प्रभावित है व्यवस्था एंटी बायोटिक दवा भी नहीं

### जांच भी हो रही प्रभावित

हमर अस्पताल से जुड़े सूत्रों के मुताबिक, इस सीरिंज का उपयोग इंट्रामस्क्युलर के रूप में किया जाता है। इसके अलावा रक्त निकालने, घावों की सफाई और फीडिंग ट्यूब, टीकाकरण जैसे कार्यों के लिए किया जाता है। सीरिंज उपलब्ध नहीं होने की वजह कई लोगों की जांच प्रभावित हो रही है। इनमें ज्यादातर गर्भवती महिलाएं और बुजुर्ग मरीज परेशान हो रहे हैं। ज्यादातर हमर अस्पताल में प्रतिदिन सौ से डेढ़ सौ मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें 20 से 30 फीसदी लोगों को इसकी जरूरत होती है।

### वैकल्पिक व्यवस्था की गई

डिमांड लेटर भेजा जा चुका है, सप्लाई पूरी होने तक मरीजों की सुविधा के लिए वैकल्पिक इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं।

- डॉ. मिथिलेश चौधरी, सीएमएचओ

## खबर संक्षेप



### नशामुक्ति के लिए जागरूकता अभियान

**रायपुर।** नशामुक्ति के लिए रविवार को टिकरापारा पुलिस ने जागरुकता अभियान शुरू किया। अभियान के तहत पुलिस टीम कमल विहार स्थित वेलफेयर सोसाइटी एवं शिवाजी रेजीडेंसी पहुंचीं, वहां लोगों को नशे के दुष्परिणाम के बारे में जानकारी देते हुए साइबर सुरक्षा के बारे में सजग किया। इस मौके पर टिकरापारा टीआई विनय सिंह बघेल ने लोगों को साइबर अपराध से बचाव के बारे में जानकारी दी।

### शिव सैनिकों ने वाहन से जब्त किया गोमांस

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में शिवसेना (शिंदे) गुट के कार्यकर्ताओं ने एक व्यक्ति के कब्जे से 20 किलो से ज्यादा गोमांस जब्त कर आरोपी को पुलिस के हवाले किया। छपोरा के गोपालक भगवानदास गेंडरे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसने अपनी गाय चरने के लिए शनिवार रात में छोड़ी थी। गाय सुबह तक नहीं लौटी। इसी बीच शिवसेना से जुड़े कार्यकर्ताओं तथा ग्रामीणों ने एक चारपहिया वाहन को गोमांस ले जाते पकड़ा। पतासाजी करने पर भगवानदास की गाय को इंदरचंद लहरी द्वारा काटे जाने की जानकारी मिली। घटना की पुष्टि पुलिस ने भी की है।

### घरेलू विवाद के चलते पत्नी के साथ मारपीट

**रायपुर।** टिकरापारा थाने में एक महिला ने अपने पति के खिलाफ घरेलू विवाद के चलते मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। छत्तीसगढ़ नगर निवासी खुशी सरकार ने पंचू सरकार के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। खुशी ने पुलिस को बताया कि घरेलू विवाद के चलते उसका पति उसके साथ गाली-गलौज कर आए दिन जान से मारने की धमकी देता है। शनिवार को इसी विवाद के चलते पंचू ने उसके साथ मारपीट की।

### ट्रक से परिवहन कर ले जाते 30 गोवंश जब्त

**रायपुर।** खमतराई पुलिस ने एक गोसेवक की शिकायत पर एक ट्रक में गलत तरीके से परिवहन कर ले जाते 30 नंदी जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार बिरगांव निवासी प्रिंस सिंह परमार की शिकायत पर ट्रक सीजी 04 जेडडी 9815 से नंदी जब्त किए गए हैं। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

### पूर्व सैनिक के साथ मारपीट, दर्ज कराई रिपोर्ट

**रायपुर।** आमानाका थाने में एक पूर्व सैनिक ने एक युवक के खिलाफ मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। डुमरतालाब तिवारी कालोनी निवासी कमल किशोर गोयल ने मुकेश यादव के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। कमल किशोर ने पुलिस को बताया कि वह आमानाका पुराना थाने के सामने पूजा सामग्री बेचता है। मुकेश ने कमल किशोर को दुकान बंद करने के लिए कहा। दुकान बंद करने से इंकार करने पर मुकेश ने कमल किशोर के साथ मारपीट की।

## शक ने बनाया हत्यारा, आरोपी को पुलिस ने दबोचा


# सपने में दे रहा था मार डालने की धमकी जादू-टोने का शक हुआ और दोस्त को मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जादू-टोना, अंधविश्वास के चलते मुजगहन थाना क्षेत्र में शनिवार को एक युवक की उसके ही दोस्त ने कर दी। हत्या की वजह बड़ी चिंतानीय है। मामला जादू टोने के शक से जुड़ा हुआ है। दरअसल, आरोपी को रात में सोते समय सपना आता था कि मृतक उसे मारने की धमकी दे रहा है। इसी आशंका में उसने दोस्त की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। छछानपैरी निवासी श्याम कुमार ध्रुव की हत्या के आरोप में पुलिस ने गांव के ही संजय नेताम को गिरफ्तार किया है। मृतक श्याम के भाई कोमल ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह वह काम करने निकला था। सुबह साढ़े 11 से 12 बजे के बीच आरोपी संजय, श्याम के घर पहुंचा और उसके साथ विवाद करते हुए उसे जमीन पर गिरा दिया। जमीन पर गिराने के बाद संजय, श्याम के ऊपर बैठ गया और जेब से चाकू निकालकर पेट पर वार कर दिया। इससे श्याम की अतड़ियां बुरी तरह से कटकर बाहर आ गई और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। श्याम को उसका भाई उपचार के लिए आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचा जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई।








### इस वजह से जादू-टोने की आशंका

श्याम से मिलने के बाद संजय जो भी काम करने जाता था, वह बिगड़ जाता था। इससे संजय को श्याम के ऊपर जादू टोना करने की आशंका होने लगी। इसके अलावा श्याम कथित तौर पर संजय के सपने में आने लगा और उसे मारने की धमकी देने लगा। इससे संजय को श्याम पर जादू-टोना करने की आशंका और बढ़ गई। इसके बाद संजय ने श्याम की हत्या करने की योजना बनाकर घर घुसकर उसकी कर दी।

### एक माह पूर्व भी हुआ था विवाद

संजय से पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि एक माह पूर्व वह अपनी भाभी के साथ श्याम के घर गया था और उसके ऊपर जादू-टोना करने का आरोप लगाते हुए विवाद किया था। लोगों के बीच-बचाव करने के बाद तब मामला शांत हो गया था। श्याम के ऊपर जादू-टोना करने की आशंका के चलते ही संजय ने उसके साथ दोस्ती तोड़ दी थी। दोस्ती तोड़ने के बाद संजय, श्याम की परछाई से दूर रहने लगा था। श्याम के साथ आमाना-सामना होने पर संजय झाड़-फूंक कराने के लिए जाता था।

# सूर्य किरण एयर शो के लिए पार्किंग और आने-जाने का मार्ग तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवा रायपुर के सेंध जलाशय में बुधवार को सूर्य किरण एयर शो का आयोजन होना है। शो देखने हजारों की संख्या में रायपुर सहित आसपास के लोग जुटेंगे। ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है, जिससे लोगों को ट्रैफिक जाम का सामना न करना पड़े। सूर्य एयर किरण शो देखने आने वाले विशिष्ट, अति विशिष्ट तथा सामान्य लोगों के लिए अलग-अलग रूट निर्धारित किया गया है। साथ ही उनके वाहन पार्किंग के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई है।

ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी के अनुसार सभी वर्ग के लोगों के सेंध जलाशय पहुंचने पांच मार्ग निर्धारित करने के साथ वाहन पार्किंग की व्यवस्था की गई है। सेंध जलाशय पहुंचने तथा वाहन पार्क करने जो एडवाइजरी जारी की गई है, वह इस तरह से है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दर्शकों के लिए मार्ग

**सेरीखेड़ी एवं माना विमानतल की ओर से जाने वाले दर्शकों के लिए मार्ग**

माना विमानतल एवं सेरीखेड़ी ओवरब्रिज की ओर से विमानतल तिराहा, स्टेडियम तिराहा से दाहिने मुड़कर खूबचंद बघेल चौक, चंदूलाल चंद्राकर चौक से बायें मुड़कर कोटराभाटा, कबीर चौक से बायें मुड़कर सेक्टर 12, सेक्टर 9, सेक्टर 4 से दाहिने मुड़कर अविनाश उपवन मैदान सेक्टर-10 में वाहन पार्क कर दर्शक पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे।


**अभनपुर की ओर से आने वाले दर्शकों के लिए मार्ग**

मोंटफोर्ट स्कूल तिराहा, उपरवारा चौक, सतनाम, पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक, कबीर चौक, सेक्टर 12, सेक्टर 9, सेक्टर 4 से दाहिने मुड़कर अविनाश उपवन सेक्टर-10 मैदान में वाहन पार्क कर कार्यक्रम स्थल पर पैदल प्रवेश।

**मंदिर हसौद एवं आरंग की ओर से जाने वाले वाहनों के लिए मार्ग**

नवागांव स्टेडियम टर्निंग से नवागांव रेलवे क्रॉसिंग, क्रिकेट स्टेडियम पानी टंकी तिराहा से बाएं मुड़कर परसदा एवं कोसा मैदान में वाहन पार्क कर पैदल कार्यक्रम स्थल तक दर्शक पहुंच सकेंगे।

# पुन्नी मेला के लिए नहर से छोड़ा 200 क्यूसेक पानी, खारुन में पुण्य स्नान के दौरान श्रद्धालुओं को नहीं होगी परेशानी




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

कार्तिक पूर्णिमा के दिन खारुन नदी के महादेवघाट में श्रद्धालुओं को पुण्य स्नान के लिए अब कोई दिक्कत नहीं होगी। नहर से 200 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है, जो सोमवार की शाम तक पहुंच जाएगा। खारुन नदी में प्राकृतिक स्त्रोतों से आ रहे बहाव का लेवन डाउन होने से यह स्थिति बनी है। नगर निगम के जल विभाग ने 15 नवंबर से सिंचाई विभाग को शहर के पेयजल आपूर्ति को ध्यान में रखते हुए नियमित रूप से जल आपूर्ति करने पत्र लिखा है।

■ 15 नवंबर से गंगरेल डेम से जल आपूर्ति के लिए निगम ने सिंचाई विभाग को लिखा पत्र

दरअसल 5 नवंबर को कार्तिक पूर्णिमा के दिन जीवनदायिनी खारुन नदी के महादेवघाट तक पर बड़ी संख्या में दूरदराज से श्रद्धालु भगवान हाटकेश्वर महादेव का जलाभिषेक करने और नदी में पवित्र स्नान के लिए पहुंचते हैं। खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाले जल का स्तर नीचे होने पर कार्तिक पूर्णिमा के लिए नहर से 200 क्यूसेक पानी शनिवार से छोड़ा गया है, जो कि सोमवार को पहुंचेगा। इससे नदी में पवित्र स्नान करने के लिए हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को अब किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने बताया कि छत्तीसगढ़ के प्राचीन एवं ऐतिहासिक पुन्नी मेला को ध्यान में रखते हुए 200 क्यूसेक रॉ वाटर एमबीसी नहर से छोड़ा गया है।

### अक्टूबर से लेते थे गंगरेल का पानी, इस बार 15 नवंबर से

जल विभाग के अधिकारी के मुताबिक, पहले माह जुलाई से सितंबर तक खारुन में प्राकृतिक बहाव से जल की उपलब्धता रहती थी, इसलिए अक्टूबर से शहरवासियों के लिए पेयजल की मांग पूरी करने अक्टूबर माह से सिंचाई विभाग से पानी लेते। इस बार नेचुरल रॉ वाटर डेढ़ माह ज्यादा समय उपलब्ध रहा। ऐसे में अब 15 नवंबर से गंगरेल बांध का पानी शहर की प्यास बुझाने खरीदा जाएगा।

### प्राकृतिक स्त्रोत से पानी का बहाव कम, गंगरेल से आएगा जल

शहर के पेयजल की डिमांड अभी तक प्राकृतिक स्त्रोतों से आ रहे जल से पूरी हो रही थी, लेकिन खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाले पानी का लेवल डाउन हो गया है। 15 नवंबर से नगर निगम सिंचाई विभाग से गंगरेल बांध से पानी खरीदेगा। सिंचाई विभाग से पूर्व में हुए एग्रीमेंट के अनुसार, गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर सालभर की खपत हिसाब से शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है।

# बादलों के साथ चार डिग्री तक चढ़ा पारा अब गिरावट के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चक्रवाती सिस्टम के दौरान छाए बादलों की वजह से चार डिग्री अधिक हो चुके रात के तापमान में अब गिरावट आने की संभावना है। इसके प्रभाव से हल्की ठंड का अहसास होगा, मगर असर ज्यादा दिन तक नहीं रहेगा। हवा के साथ अरब सागर से नमी आने का दौर जारी है, जिसके कारण मौसम में उतार-चढ़ाव होता रहेगा। पिछले चौबीस घंटे में सबसे कम न्यूनतम तापमान पेंड्रा का 17.2 डिग्री रिकार्ड किया गया।



रविवार को बादलों की मात्रा कम होने की वजह से दिन में तेज गर्मी ने अपना असर दिखाया। संभावना है कि आसमान साफ होने की वजह से रात के न्यूनतम तापमान में गिरावट आएगी। हालांकि पारा बहुत कम होने की गुंजाइश नहीं है। अभी शहर में रात का पारा 22.7 डिग्री दर्ज किया गया, जो सामान्य से 4 डिग्री अधिक है। इसमें आने वाली एक-दो डिग्री की कमी ठंड का अहसास कराएगी। राज्य में ठंड की निरंतरता बनाए रखने के लिए हवा की दिशा उत्तर-पूर्व होना जरूरी है। अभी अरब सागर से नमीयुक्त हवा का प्रवेश हो रहा, जिसकी वजह मौसम में उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है। रविवार को प्रदेश में सबसे अधिक तापमान 32.5 डिग्री राजनांदगांव का रिकार्ड किया गया।

■ वातावरण में मौजूद है नमी, इसलिए ज्यादा नहीं बढ़ेगी ठंड

# पीएम सूर्य घर योजना में वेंडर से रिश्वत की मांग, संविदा कर्मचारी बर्खास्त, इंजीनियर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के चंगोराभाठा में पीएम सूर्य घर योजना में एक वेंडर से पैसों की मांग करने वाले संविदा कर्मचारी हरिओम साहू की सेवा समाप्त कर दी गई है, वहीं इस मामले में जेई का नाम आने के कारण जेई एलिन कुजूर को निलंबित कर दिया गया है। मामले की जांच के लिए चार सदस्यों की कमेटी बनाई गई है। कमेटी की रिपोर्ट के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

■ मामले की जांच करने चार सदस्यों की बनाई कई कमेटी

प्रदेशभर में पीएम सूर्य घर योजना को लेकर बहुत तेजी से काम हो रहा है। इसको लेकर प्रदेश सरकार भी गंभीर है और प्रदेश सरकार की तरफ से इसमें सब्सिडी भी दी जा रही है। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी को भी निर्देश है कि पीएम सूर्य घर योजना में आवेदन करने वालों के घरों में जल्द से जल्द सोलर पैनल लगाने की व्यवस्था की जाए। यही वजह है पॉवर कंपनी ने वेंडरों को 15 दिनों के अंदर सोलर पैनल लगाने के निर्देश दिए हैं।



### चार सदस्यों की जांच कमेटी

इस मामले में रायपुर के प्रभारी सीई ने एसके ठाकुर ने चार सदस्यों की जांच कमेटी बनाई है। इस कमेटी में एक एसी, दो डीई और एक एई को रखा गया है। अब यह कमेटी पूरे मामले की जांच कर अपनी रिपोर्ट एसी कार्यालय हो देगी, इसके बाद इस मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पैसे मांगने का आडियो वायरल

पॉवर कंपनी के राजधानी के वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया, सोशल मीडिया में एक आडियो वायरल हुआ, जिसमें एक वेंडर यशवंत सिन्हा और चंगोराभाठा के संविदा कर्मचारी हरिओम साहू के बीच बातचीत में काम के बदले छह हजार रुपए की मांग की गई है। इसी के साथ संविदा कर्मचारी ने यह भी कहा है कि पैसों में जेई का भी हिस्सा है। इस आडियो के वायरल होने पर इसको राजधानी के सर्किल-1 के अधिकारियों ने गंभीरता से लिया और सर्किल-1 के अधीक्षण अभियंता महावीर विश्वकर्मा ने जहां संविदा कर्मचारी की सेवा समाप्त कर दी है, वहीं जेई के नाम का ऑडियो में उल्लेख होने पर उनको निलंबित कर दिया है।

### अस्पताल के पास शराब बेचते धरा गया कोचिया



**रायपुर।** पुलिस ने अस्पताल के पास शराब बेचते कोचिया को गिरफ्तार कर शराब जब्त की है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर गोलबाजार पुलिस ने रविवार को दाई कोरा भवन के पास दबिश देकर रिंकू चिहटोल निवासी शास्त्री मार्केट को रंगे हाथ अवैध शराब बेचते हुए पकड़ा। आरोपी के पास से 18 पौवा मसाला देशी मदिरा बरामद हुई। कुल जब्त शराब की मात्रा 3.240 बल्क लीटर बताई गई है, जिसकी अनुमानित कीमत 1,800 रुपए है। साथ ही मौके से बिक्री की रकम 670 रुपए जब्त किए गए।

पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# चकल्लस

## बिगड़ न जाए फाइल लटकाने का खेल

स्वास्थ्य सचिव विभागीय कामकाज में तेजी लाने के लिए डिजिटल सिग्नेचर का सिस्टम लागू करने की तैयारी में हैं। इससे महीनों तक पेंडिंग रहने वाले कामों और उसकी वजह बनने वालों का पता चल जाएगा। डिजिटल सिग्नेचर के इस सिस्टम से उन कर्मचारियों में खुशी की लहर है, जो फाइलों में हस्ताक्षर की खातिर मुख्यालय के चक्कर लगाते हैं। उनका मानना है कि समूचे विभाग में यह सिस्टम प्रभावी होने से फाइल अटकेगी नहीं और काम में तेजी आएगी। विभाग में एक धड़ा ऐसा भी है, जो इस सिस्टम का विरोध करने में जुटा हुआ है। यह उन बाबुओं और कर्मचारियों का गुट है, जो टेबलों पर फाइल लटकाने में विश्वास रखता है और उसे आगे बढ़ाने के लिए चढ़ावे का इंतजार करता है। ऑनलाइन सिस्टम से इस बात का भी खुलासा हो जाएगा कि फाइल किस टेबल पर कितने दिनों तक रोकी गई है।

## करोड़ों के काम...11 रुपए की बोली

स्वास्थ्य विभाग का आधे से ज्यादा काम आउटसोर्सिंग के माध्यम से पूरा होता है। इसमें आयुष्मान योजना के क्लेम प्रोसेसिंग की प्रक्रिया भी शामिल है। कई कोशिशों के बाद करोड़ों के इस काम के लिए टीपीए एजेंसी तय होने की आशा से विभागीय अधिकारी राहत महसूस कर रहे थे। इस बीच टेंडर ओपन होने के दौरान मामला हास्यापद कारणों से अटक गया। विभागीय सूत्रों के मुताबिक, एक कंपनी की ओर से इस काम ठेका लेने के लिए 11 रुपए की बोली लगाई गई थी। तकनीकी कारणों का हवाला देकर इस प्रक्रिया को रोका गया और इस बात का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि यह चूक कैसे और क्यों हुई?

## रसिकों का बोलबाला....

अफसरों के बीच रसिकों का बोलबाला है। मानवीय प्रवृत्ति है कि जब एक-दूसरे को पसंद करते हैं तो नजदीकियां बढ़ जाती हैं। वैसे प्रदेश सरकार के इस कार्यकाल में आईपीएस लॉबी में ऐसे मामले ज्यादा आ रहे हैं। निश्चित तौर पर यह एक हद में रहे तो ठीक है। लंबे समय तक संपर्क में रहने के बाद लोगों की अपेक्षाएं बढ़ जाती है, फिर कई आरोप लगते हैं। जैसा हाल ही में एक आईपीएस पर आरोप लगे हैं। वैसे ही एक और आईपीएस का लव एंगल आया है, जो अपने ही विभाग कर्मी के साथ चल रहा है। यहां पर मामला अभी बिगड़ा नहीं है। वहीं एक जिले के एसपी का एसआई से नजदीकी संबंध अब चर्चा में आ गया है।

## अपनी ढपली अपना राग...

नए-नवेले मेंबरों को सदन में बोलने का मौका मिला। एजेंडा रहा शहर के डेढ़ दर्जन चौराहों को संवारने का। एक ने सुझाव दिया, ट्रैफिक मूवमेंट के हिसाब से हमारे इलाके के चौराहे को इसमें शामिल कर लें, पर मेंटेनेंस के लिए एजेंसी पहले तय हो, टंटा कौन पालेगा। दूसरा भी कम नहीं था, कहने लगा, जिन चौराहों के नाम पर मलाई चाटकर निकल गए, उसकी रिकवरी कैसे होगी। तीसरे ने फरमाया, पब्लिक से पूछ लेते हैं कौन-सा चौराहा लेना है, उसी का प्रपोजल देंगे, फंड भी चोखा, सुनने-सुनाने की टेंशन भी नहीं। अपोजिशन वाले कुछ बोलते, इससे पहले टाइम ओवर।

## ऑनलाइन का फंडा...

रेवेन्यू महकमे में मैडम ने सालों से चल रहे मैनुअल सिस्टम को पलटने की ठानी। रेवेन्यू बढ़ाने ऑनलाइन का फार्मूला ढूंढ लाया। यह बात बड़े साहब के चंगू-मंगू को हजम नहीं हुई सो साहब के पास चुगली कर गए, साहब जिस काम को हम हाथ से मिनटों में कर देते हैं, उसके लिए ये मशीन में माथापच्ची क्यों? साहब बोले, बस देखते रहो। मैडम को केबिन में बुलवा भेजा, कहने लगे, ये अच्छी बात है सबकुछ ऑनलाइन हो जाए, पर आपको तो पता होगा कि हम रिकार्ड में तो एंट्री करते हैं, जिनको हिसाब देखना हो, पन्ना पलट ले। कच्चा-पक्का तो होना चाहिए न। मैडम खिसियाकर बोली, वही तो नहीं होना चाहिए सर। साहब भी कम घाघ नहीं थे, सो सिस्टम बदलने की जगह मैडम को दूसरे डिपार्टमेंट का रास्ता दिखा दिया।

## द पेज टेंपरेरी सस्पेंडेड

एक कहावत है चिराग तले अंधेरा। ऐसा ही हाल अपने राज्य की पॉवर कंपनी का है। पॉवर कंपनी एक तरफ दावा कर रही है कि सायबर अटैक से निपटने के लिए उसके पास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है, लेकिन दूसरी तरफ पॉवर उत्पादन कंपनी की डिमांड के साथ उत्पादन का लेखा-जोखा बताने वाली वेबसाइट पर इसका डाटा ही बीते कई माह से नहीं दिख रहा है। इस साइट में लिखा हुआ है, द पेज टेंपरेरी सस्पेंडेड। इस पेज के बंद होने का कारण पॉवर कंपनी के ही लोग यह बताते हैं कि जब भारत और पाक के बीच में युद्ध चल रहा था, तब इस पेज को साइबर अटैक के खतरे को देखते हुए बंद कर दिया गया था। भारत-पाक के बीच युद्ध विराम हुए कई माह हो चुके हैं, लेकिन यह पेज आज तक सस्पेंडेड हैं।

## वक्त-वक्त की बात

एक पूर्व मंत्री, वर्तमान में मंत्री बनते-बनते रह गए। जब मंत्री थे तो पार्टी के ज्यादातर बड़े कार्यक्रमों की धुरी हुआ करते थे। टेंट लगाने तक का काम उनकी देखरेख में होता था। मंच के आगे और मंच के पीछे, उनकी मौजूदगी रहती थी। मजाल है कोई कहीं जाने से रोक दे। लेकिन वक्त बदला तो सब बदल गया। राज्योत्सव में दो बार ऐसा हुआ कि उन्हें बताना पड़ा कि वे भी वीआईपी हैं। एक बार पीएम मोदी जी तक पहुंचने तक रोके गए। दूसरी बार राज्योत्सव में उन्हें पीछे की कुर्सी पर बिठाने का प्रयास किया गया। पूर्व मंत्री जी को दोनों बार बताना पड़ा कि वे भी वीआईपी हैं। तब जाकर बात बनी।

## जल्दबाजी की हरियाली...

छत्तीसगढ़ में हर साल दर साल बारिश के मौसम में पौधे लगाने का सरकारी अभियान जमीन से ज्यादा कागजों पर चलता दिखता है, लेकिन इस बार निजी क्षेत्र की एक कंपनी ने हरियाली दिखाने की जबरदस्त जल्दबाजी कर पंगा मोल ले लिया। सीमेंट खदान वाले क्षेत्र बलौदाबाजार में एक सीमेंट कंपनी ने कोनो कापर्स प्रजाति के करीब 17 हजार पौधे रोप दिए। इस पौधे की खूबी ये है कि यह जल्दी से बढ़कर तैयार हो जाता है। यहां तक तो ठीक है, लेकिन पेंच तब आया, जब पर्यावरण रक्षक सामने आ गए। उन्होंने कहना शुरू किया, इस प्रजाति का पेड़ जमीन से बेतहाशा पानी खींचता है। यही नहीं, तीन राज्यों में यह पौधा लगाना प्रतिबंधित भी है। लिहाजा अब जल्दबादी की हरियाली विवादों में आ गई है।

## खेत कहीं और, धान बिक्री यहां, नहीं चलेगा...

राज्य में धान खरीदी के दौरान अक्सर ये बात सामने आती है कि पड़ोसी प्रदेशों का धान यहां लाकर बेचा जाता है। ये मामला बरसों बरस में कभी पकड़ा नहीं जा सका था, लेकिन इस साल पहली बार दो पोर्टल में पंजीयन की वजह से कई फर्जी पकड़ में आ गए। पता लगा है कि हजारों लोग जिनकी जमीने दूसरे राज्यों में हैं, लेकिन वे पटवारी से सांठगांठ करके यहां अपना पंजीयन करा लेते थे। यह करने के लिए वे किसी सड़क, तालाब, या किसी सरकारी जमीन का खसरा नंबर दे देते थे, लेकिन इस बार यही लोग पकड़ में आ रहे हैं। लिहाजा अब ये दांव नहीं चल पा रहा है कि खेत कहीं और धान यहां बेच दें।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, सुरेंद्र शुक्ला, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा।

# नवा रायपुर शिफ्ट होने के बाद डिप्टी सीएम साव ने छोड़ा शहर का बंगला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

नवा रायपुर में मुख्यमंत्री आवास और मंत्री बंगले तैयार होने के बाद सभी मंत्रियों को संपदा विभाग ने बंगलों का आवंटन कर दिया है। नवा रायपुर में अब तक मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित 7 मंत्रियों ने नए बंगले में गृह प्रवेश कर लिया है। ये मंत्री यहां पर निवास भी करने लगे हैं। इनमें से 6 मंत्रियों को पुराने रायपुर में भी सरकारी बंगले आवंटित हुए हैं।

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नवा रायपुर में शिफ्टिंग के साथ ही सिविल लाइंस का सरकारी बंगला खाली करने की सूचना संपदा विभाग को देते हुए और चाबी लोक निर्माण विभाग को सौंप दी है। अब सभी मंत्रियों पर दबाव बना है कि शहर में आवंटित सरकारी बंगला छोड़ नवा रायपुर में शिफ्ट हो जाएं। नवा रायपुर में मुख्यमंत्री सहित 13 मंत्रियों और नेता प्रतिपक्ष के लिए सरकारी बंगले का काम पूरा हो गया है। यहां पर सभी मंत्रियों को आवंटन करने के बाद नाम पट्टिकाएं लगा दी गई हैं। यहां पर मंत्री रामविचार नेताम सबसे पहले शिफ्ट हुए, वे वहां पर रहने भी लगे हैं। यहां उनका पूरा स्टाफ है। उनका कार्यालय नए बंगले से ही संचालित हो रहा है। उसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नए सीएम हाउस में प्रवेश किया। हालांकि वहां पर उनके कार्यालय का कामकाज पूरी तरह से संचालित नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री नए सीएम हाउस में बैठक लेते हैं। अन्य मंत्रियों में केदार कश्यप, लक्ष्मी राजवाड़े, दयालदास बघेल, श्याम बिहारी जायसवाल, अरुण साव, गुरु खुशवंत साहेब भी नवा रायपुर के बंगले में रहने लगे हैं। अन्य मंत्रियों ने यहां अभी शिफ्टिंग नहीं की है।

### नवा रायपुर को आबाद करने की तैयारी

मंत्रियों का बंगला तैयार होने के बाद उनके यहां शिफ्ट होने को लेकर यह बताया जा रहा है कि नवा रायपुर को आबाद करने में इससे मदद मिलेगी। वहीं मंत्रियों को इस बात की चिंता होने लगी कि शहर का आवास छोड़ने पर उनसे मिलने वाले और समर्थकों को वहां आने-जाने में परेशानी होगी।



■ नवा रायपुर में शिफ्ट हो चुके हैं 7 मंत्री, 6 मंत्री अब तक नहीं गए

### कई मंत्री अभी जमे हुए

मंत्रियों को पूर्व में पुराने रायपुर शहर के शंकर नगर, सिविल लाइंस में बंगलों का आवंटन किया गया था। नवा रायपुर में मंत्रियों के बंगले पूरी तरह से निर्मित हो जाने के बाद संपदा विभाग के जरिए लोक निर्माण विभाग ने सभी मंत्रियों के नाम से बंगलों का अधिपत्य दे दिया गया। फिर भी आधे से अधिक मंत्री अभी तक वहां शिफ्ट नहीं हुए हैं। सभी मंत्रियों के पास नवा रायपुर और पुराने रायपुर दोनों जगह आवास हैं। बंगलों की देखरेख के लिए कर्मचारी और स्टॉफ दोनों तरफ लगाया गया है।

■ 700 करोड़ का इलेक्ट्रॉनिक कारोबार
■ 500 करोड़ के बिकेंगे गहने
■ 300 करोड़ के फर्नीचर और बर्तन
■ 300 करोड़ का होटल, भवन, टेंट कैटरिंग का कारोबार

## कारोबार की ऐसी उम्मीद, 700 करोड़ के बिकेंगे कपड़े

# उठ गए देव, अब शादियों का सीजन, सज गए बाजार, इस बार 2500 करोड़ का धंधा संभव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

शादियों के सीजन में इस बार नवंबर से लेकर जुलाई तक राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश भर में जमकर खरीदारी संभावित है। सोने-चांदी के गहनों, कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ बर्तन, फर्नीचर, कैटरिंग, होटल, भवनों के किराए को मिलाकर सीजन में ढाई हजार करोड़ से ज्यादा के कारोबार का अनुमान लगाया जा रहा है। कारोबार होने का आगाज हो चुका है। लगातार हर सेक्टर का बाजार गुलजार है। दो माह के लिए तो होटल, मैरिज हॉल, भवन सभी बुक हो चुके हैं। इसी के साथ कैटरिंग और टेंट की भी बुकिंग हो गई है। देवउठनी एकादशी के बाद से ही शादियों का सीजन प्रारंभ हो गया है। नवंबर और दिसंबर में शादियों के लिए जो मुहूर्त हैं, उसके लिए जहां खरीदारी चल रही है, वहीं इसके लिए सभी होटल, मैरिज हाल, और भवन बुक हो गए हैं। अगले साल जनवरी में शादियों का कोई मुहूर्त नहीं है। इसके बाद फरवरी से जुलाई तक लगातार शादियां होंगी।

### सोने की कीमत ज्यादा, खरीदी आधा

*शादियों के लिए सोने और चांदी के गहनों की थोक में बिक्री होती है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक जुलाई तक के सीजन में 500 करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में होगा। इस साल सोने और चांदी की कीमत आसमान पर चली गई है। सोना जहां सवा लाख के करीब है, वहीं चांदी के दाम डेढ़ लाख के करीब हैं। धनतेरस पर तो सोना एक लाख 32 हजार और चांदी के दाम पौने दो लाख तक चले गए थे। अब दाम कुछ कम होने पर जमकर खरीदारी हो रही है। दाम ज्यादा होने के कारण फर्क इतना है कि लोगों ने अपने बजट के हिसाब से खरीदारी कर रहे हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक सोने की कीमत को देखते हुए अब लोगों ने इसकी खरीदारी का तरीका बदल दिया है। पहले सोना 50 हजार रहता था तो जो लोग एक लाख के बजट में 20 ग्राम सोना लेते थे, वो अब सोने की कीमत सवा लाख होने के कारण 8 से 10 ग्राम ही सोने के गहने ले रहे हैं। इसी तरह से चांदी के चार से पांच तोले के स्थान पर दो से तीन तोले के गहने लिए जा रहे हैं।*

### इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का क्रेज

*शादियों के लिए इलेक्ट्रॉनिक आइटमों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का ज्यादा क्रेज है, चाहे इसमें मोबाइल की बात हो, एसी, फ्रिज या फिर एलईडी टीवी की बात हो। हालांकि लोग अपने बजट के हिसाब से खरीदारी करते हैं, लेकिन महंगे आइटम अब गांव वाले भी खरीद रहे हैं। पूरे सीजन में सात सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। इस बार जीएसटी के कम होने के कारण भी ज्यादा खरीदारी हो रही है।*



### 700 करोड़ का कपड़ा बाजार

प्रदेश का सबसे बड़ा राजधानी रायपुर का पंडरी कपड़ा बाजार इस बार त्योहारी सीजन नवरात्रि से ही गुलजार है। यहां पर रोज प्रदेश भर से लोग खरीदारी करने लगातार आ रहे हैं। जहां लोगों ने दीपावली के लिए खरीदारी की है, वहीं शादियों के लिए भी जमकर खरीदारी हो रही है। पंडरी कपड़ा एसोसिएशन के चंदर विधानी के मुताबिक शादियों के लिए जमकर खरीदारी हो रही है। पूरे सीजन में करीब सात सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में होने की संभावना है।

### फर्नीचर और बर्तनों का 300 करोड़ का कारोबार

शादियों के लिए फर्नीचर और बर्तनों की भी जमकर खरीदारी हो रही है। आज महंगे फर्नीचर का ज्यादा क्रेज चल रहा है। डिजाइनर फर्नीचरों की ज्यादा डिमांड है। पूरा का पूरा सेट डिजाइन करने का ऑर्डर भी दिया जा रहा है। कारोबारियों के मुताबिक पूरे सीजन में प्रदेश भर में करीब तीन सौ करोड़ का कारोबार होने का अनुमान है।

### इस साल मुहूर्त

नवंबर में 2, 3, 6, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25 और 30।

दिसंबर में 1, 4 और 5 को ही मुहूर्त

### 2026 के मुहूर्त

जनवरी में कोई शुभ मुहूर्त नहीं है, क्योंकि शुक्र ग्रह अस्त है।

फरवरी में 3, 6, 9, 12, 19, 20, 26

मार्च में 5, 6, 8

अप्रैल में 20, 21, 27, 29

मई में 6, 13, 23, 25, 26, 28, 29

जून में 1, 2, 4, 5, 11, 19, 21, 28

जुलाई में 1, 6, 7, 11.

### होटल, भवन, टेंट, कैटरर्स की भी चांदी

शादियों के मुहूर्त के हिसाब से पहले से ही होटल, भवन सब बुक हो गए थे। टेंट और कैटरिंग कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक पूरे सीजन में होटल, भवन, टेंट, कैटरिंग को मिलाकर करीब तीन सौ करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में होने की संभावना है।

# छत्तीसगढ़ बनने के पहले एक लाख भी नहीं थे भाजपा के सदस्य, आज 60 लाख से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ को बने हुए 25 साल पूरे हो गए हैं। इस बार रजत जयंती राज्योत्सव हो रहा है। 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य अलग बना था, तब प्रदेश में भाजपा के बहुत कम सदस्य थे। सदस्यों की संख्या एक लाख से भी कम थी, लेकिन राज्य बनने के बाद जब 2003 में भाजपा ने पहले विधानसभा चुनाव में जीत प्राप्त करके सरकार बनाने का काम किया ।इसके बाद जहां प्रदेश की राजनीति फिजा बदली, वहीं भाजपा के सदस्य बनने का क्रम तेजी से प्रारंभ हुआ। । बीते साल ही भाजपा का सदस्यता अभियान नए सिरे से चला तो इसमें 60 लाख से ज्यादा बने हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य का जब 2000 में नवंबर में गठन किया गया तो समय मप्र में कांग्रेस की सरकार थी। छत्तीसगढ़ के अलग होने के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का बहुमत होने के कारण यहां पर भी कांग्रेस की सरकार बनी। पहले मुख्यमंत्री अजीत जोगी बने। छत्तीसगढ़ में पहली बार विधानसभा का चुनाव 2003 में हुआ। इस चुनाव में भाजपा को बहुमत मिला और पहली बार प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसके बाद तो लगातार तीन बार भाजपा की ही सरकार बनी।

### बढ़ते गई सदस्यों की संख्या

प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के कारण भाजपा के सदस्यों की संख्या में लगातार इजाफा होता गया। भाजपा ने जब भी सदस्यता अभियान चलाया उसके सदस्य लगातार बढ़ते गए। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने बीते साल अपने सभी सदस्यों की सदस्यता को समाप्त करने नए सिरे से सदस्य बनाने का काम किया। अलग-अलग राज्यों को सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया। छत्तीसगढ़ को 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया। भाजपा के पहले प्रदेश में 28 लाख सदस्य थे। जब सदस्यता अभियान का प्रारंभ हुआ तो जिस तेजी से छत्तीसगढ़ में सदस्य बनने का क्रम प्रारंभ हुआ इसके बाद जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा रायपुर आए और बैठक ली तो उन्होंने सदस्यता का लक्ष्य 60 लाख कर दिया।

भाजपा के प्रदेश संगठन ने इस लक्ष्य को न सिर्फ पार किया, बल्कि 60 लाख से ज्यादा सदस्य भी बना दिए। इसके पीछे का एक बड़ा कारण यह भी रहा कि भाजपा की चौथी बार प्रदेश में सरकार बनी थी। भाजपा की सरकार होने का भी भाजपा को फायदा मिला। बीते साल के सदस्य अभियान में भाजपा ने रिकॉर्ड 32 लाख से ज्यादा नए सदस्य बनाने का काम किया।




■ बीते साल नए सिरे से चले सदस्यता अभियान में बनाए गए 60 लाख से ज्यादा सदस्य

■ नए सदस्यता अभियान में 32 लाख नए सदस्य जुड़े, पहले 28 लाख थी सदस्यों की संख्या

# तुलसी विवाह हमारी समृद्ध परंपराओं लोकआस्था और जीवनमूल्यों को निरंतर जीवंत रखने का प्रतीक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ मुख्यमंत्री निवास में विधि-विधान से हुआ तुलसी विवाह, सीएम ने सपरिवार की पूजा-अर्चना

देवउठनी एकादशी के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक विधि-विधान के साथ तुलसी विवाह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उनकी धर्मपत्नी कौशल्या साय ने माता तुलसी एवं भगवान शालिग्राम का विवाह संपन्न कराया और सपरिवार पूजा-अर्चना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि देवउठनी एकादशी धर्म, अध्यात्म और प्रकृति के संतुलन का प्रतीक है। भगवान विष्णु के योगनिद्रा से जागरण के साथ ही शुभ कार्यों की पुनः शुरुआत होती है। तुलसी विवाह समाज में पवित्रता, सौहार्द्र और एकत्व की भावना को जागृत करता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की लोक परंपराओं में तुलसी विवाह का विशेष महत्व है। यह पर्व हमें परिवार, समाज और प्रकृति के बीच सामंजस्य और संतुलन बनाए रखने की प्रेरणा देता है। हमारी लोक संस्कृति में तुलसी विवाह को पवित्रता और समर्पण का प्रतीक माना गया है, जो जीवन में सात्विकता और सद्भावना का संचार करता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रदेशवासियों को देवउठनी एकादशी और तुलसी विवाह की शुभकामनाएं दीं और कहा कि यह पर्व हमारी समृद्ध परंपराओं, लोकआस्था और जीवनमूल्यों को निरंतर जीवंत रखने का प्रतीक है।




### एग्रीस्टेक पंजीयन की समयसीमा बढ़ाने सीएम से की मांग

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात कर एग्रीस्टेक पंजीयन की समयसीमा बढ़ाने का आग्रह किया। श्री ठाकुर ने मुख्यमंत्री श्री साय को अवगत कराया कि प्रदेश के काफी किसान 31 अक्टूबर तक की निर्धारित समयसीमा में एग्रीस्टेट पंजीयन नहीं करा पाए हैं। इसके चलते उन्हें इस वर्ष धान विक्रय से वंचित होना पड़ेगा।

### डिजिटल प्रदर्शनी में दिख रही 25 वर्षों की विकास यात्रा

रायपुर। नवा रायपुर के राज्योत्सव मैदान में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर आयोजित "छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025" में जनसंपर्क विभाग की भव्य डिजिटल प्रदर्शनी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। 1 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन के बाद से प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। आगंतुकों ने प्रदर्शनी को देखकर अपनी उत्सुकता साझा किया। प्रदर्शनी देखने पहुंचे ग्रामीणों ने कहा, राज्य की 25 वर्षों की यात्रा को इतनी आधुनिक और भावनात्मक प्रस्तुति में देखना गर्व की बात है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

न्यायालय द्वितीय अपर मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बिलासपुर (छ.ग.)
- ज्ञापन-
ललित शर्मा....आवेदक
// विरुद्ध //
सुनील यादव एवं अन्य... अनावेदकगण
प्रकरण क्रमांक-सी.टी.-1683/2023
श्रवण दिनांक-17.11.2025
प्रोसेस क्रमांक- 1852/25
अनावेदक क्रमांक-2
लक्ष्मी प्रसाद राजपूत पिता दाल चंद्र राजपूत निवासी-C/o मोहम्मद जहीर खान, 52/556 चन्द्र शेखर आजाद, वार्ड नम्बर-52, सिमिरन सिटि गेट, संतोषी नगर, जिला-रायपुर (छ.ग.) (हाईवा क्रमांक-सी.जी. 10 सी 1730 का वाहन स्वामी)
आवेदक ललित शर्मा पिता स्व. सुंदर शर्मा उम्र 56 वर्ष निवासी हाल मुकाम श्रीमती संगीता पाण्डे, पति-स्व. दिनेश पाण्डे, नूतन कालोनी, नूतन चौक, थाना-सरकंडा जिला-बिलासपुर (छ.ग.), स्थायी पता-ग्राम रामबोड, वार्ड नं.-12, थाना पथरिया, जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आपके विरुद्ध क्षतिपूर्ति राशि रु. 11,35,263/- (रुपये ग्यारह लाख पैंतीस हजार दो सौ तीरसठ मात्र) के लिये मोटर यान अधिनियम 1988 की धारा 166 के अंतर्गत वाद संस्थित किया गया है, आपको इस न्यायालय में दिनांक-17.11.2025 को दिन में 11.00 बजे दावे के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समंस किया जाता है, आप न्यायालय में स्वंय या अन्य किसी अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये है, और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में उपसंजातों के लिये जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिये नियत दिन है। इसलिये आपको इस दिन अपने उन साक्षियों को या उन सब दस्तवेजों को पेश करने के लिये रहना चाहिये जिन पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिये निर्भर रहना चाहते है। पेशी तारीख को अगर किसी कारणवश अवकाश घोषित किया जाता है। तो प्रकरण की सुनवाई आगामी तारीख को होगी। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगें तो आपके बाद की सुनवाई और उसका निराकरण (निपटारा) आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।
आज दिनांक 7.10.25 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया।
(संतोष कुमार महोबिया)
द्वितीय जिला न्यायाधीश
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

**खबर संक्षेप**

### ग्राम चिखली में पुन्नी पर सुआ नृत्य प्रतयोगिता

**आरंग।** ग्राम चिखली में पुन्नी के पावन पर्व के अवसर पर भव्य सुवा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 5 नवम्बर को किया जाएगा। कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि खुशवंत साहेब केबिनेट मंत्री शामिल होंगे। इस आयोजन में पारंपरिक लोक संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु क्षेत्र की विभिन्न सुवा मंडलियाँ भाग लेंगी। कार्यक्रम में प्रतिभागियों के लिए आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। जिसका प्रथम पुरस्कार 20000, द्वितीय 15000, तृतीय 12000, चतुर्थ 9000, पंचम 7000, षष्ठ 5000, सप्तम 4000, अष्टम 3000, नवम 3000 तथा दशम 2500 रु. का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। साथ ही सभी विजेता सुवा मंडलियों को स्मृति चिन्ह (मेमेंटो) भी प्रदान किए जाएंगे। आयोजन समिति ने बताया कि इस कार्यक्रम में पारंपरिक नृत्य एवं संगीत की झलक देखने को मिलेगी, जो ग्राम संस्कृति की गौरवशाली परंपरा को जीवंत बनाएगी।

### सिख समाज ने भजन-कीर्तन करते प्रभात रैली निकाली

**आरंग।** अग्रसेन योगासन शाखा अग्रवाल पारा आरंग एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर द्वारा विक्रम संवत 2082, कार्तिक मास एकादशी तिथि दिन शनिवार को प्रकाश पर्व माह के अवसर पर सिक्ख समाज का प्रभात फेरी आज अग्रवाल पारा आरंग से गुजरने पर आत्मीय भाई बृजेश अग्रवाल एवं लक्ष्मी नारायण मंदिर से आत्मीय बंधु रविंद्र अग्रवाल द्वारा पुष्पगुच्छ की वर्षा व पुष्प आच्छादित कर आरती एवं श्रीफल देकर स्वागत किया गया। सिक्ख समाज द्वारा मंदिर परिसर में भजन कीर्तन एवं गुरुग्रन्थ साहेब के संदेश का वाचन समस्त मानव जाति के आध्यात्मिक उन्नति के लिए किया गया, गुरुद्वारा के ज्ञानी जी द्वारा अरदास किया गया। बृजेश अग्रवाल एवं रविंद्र अग्रवाल द्वारा सभी के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था किया गया। प्रकाश पर्व के प्रभात फेरी में ज्ञानी जी परमजीत सिंह, महेंद्र अरोरा, सतनाम कौर अरोरा, स्वर्ण कौर टुटेजा, सतनाम सिंह, अनीता अरोरा, नेहा टुटेजा, मनजीत कौर टुटेजा, गुरुमीत कौर छाबड़ा, सिमरन अरोरा, मनप्रीत कौर ढिल्लो, सीतल टुटेजा, दीपिका टुटेजा, पुष्पांजलि महंती, नीलम अरोरा, रिया चंदानी, रुक्मिणी देवांगन, लक्ष्मी दीदी आदि लोग शामिल थे। लक्ष्मीनारायण मंदिर समिति से मालिनी अग्रवाल, सारिका अग्रवाल, शशि प्रभा अग्रवाल, ग्रीष्मा अग्रवाल, ओम अग्रवाल, माधव प्रसाद अग्रवाल, रविन्द्र कुमार अग्रवाल थे। इस अवसर पर अग्रसेन योगासन शाखा से अमिताभ , ओम गुप्ता, दीपक गुरुगोस्वामी, होरी गुप्ता, शंकर पाल, गोपाल पाल, बलराम साहू, अशोक कुमार ठाकुर, रामकुमार कंसारी एवं मुरारी लोधी उपस्थित थे।

### साहू संघ रीवा का शपथ समारोह आज कुकरा में

**आरंग।** परिक्षेत्र साहू संघ रीवा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन 3 नवम्बर को ग्राम कुकरा के महामाया चौक में आयोजित किया गया है। इस अवसर पर माँ की प्रेरणा सुवा नृत्य आरंग की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्यातिथि देवनाथ साहू जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण होंगे। अध्यक्षता हिरामन साहू पूर्व संरक्षक तहसील साहू संघ आरंग करेंगे। विशिष्ट अतिथि कृष्णा महेश साहू सभापति-जनपद सदस्य आरंग, पद्मिनी साहू जनपद सदस्य आरंग, शुभांषु साहू जनपद सदस्य आरंग सहित समाज के अन्य पूर्व पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### राज्यपाल से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित छात्रा ने की भेंट

**रायपुर।** राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कोरबा जिले के एनएसएस की छात्रा लेखनी साहू ने राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। राज्यपाल ने लेखनी साहू के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लेखनी साहू को विगत 6 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया था। सुश्री लेखनी ने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता और शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई है।

# विधवा के पीएम आवास निर्माण में सरपंच पर अड़ंगा डालने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

आरंग जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत पंधी की एक बेसहारा विधवा महिला को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्वीकृत आवास निर्माण में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल सालों पहले पंधी कि पूर्णिमा यादव के पति का देहांत हो गया, जिसके बाद बच्चों की जिम्मेदारी पूर्णिमा के ऊपर आ गई। बच्चे बड़े हुए उनकी शादी और अन्य खर्चों से कर्ज़ भी बढ़ गया। पूर्णिमा के बेटे अपने परिवार को लेकर कमाने-खाने बाहर चले गए। गांव में अकेली रह रही पूर्णिमा को कर्ज़ चुकाने के लिए अपना घर बेचना पड़ा। जिसके बाद पूर्णिमा ने स्वीकृत पीएम आवास का पहला क़िस्ति आने अपने कब्जे वाले घुरुआ में निर्माण शुरू करवाया। कालम तक निर्माण हुआ था कि ग्राम सरपंच ने तहसील में उक्त निर्माण पर आपत्ति कर दी। तब से निर्माण रुका हुआ है। पूर्णिमा ने बताया कि सरपंच जितेंद्री साहू और उसके पति परमानंद साहू द्वारा द्वेष के चलते निर्माण कार्य में अड़ंगा डालकर उसे परेशान किया जा रहा है। इस बीच निर्माण सामग्री भी ख़राब हो गया है। इस मामले में गांव के उपसरपंच, पंच और ग्रामीणों का साथ इस बेसहारा को मिला है। पंचायत बॉडी के लोग और ग्रामीण भी चाहते हैं कि बिना किसी परेशानी के हितग्राही का आवास निर्माण हो जाये। गांव के लोगों और उपसरपंच भुवनेश्वर यादव ने बताया कि वर्तमान कार्यकाल में कई लोगो का आवास नजूल के भूमि पर निर्मित हुआ है लेकिन सरपंच के द्वारा कोई आपत्ति नही की गई। इसके अलावा ग्रामीणों ने बताया कि सरपंच का आरंग खार में लगभग डेढ़ एकड़, गांव के स्कूल के पास लगभग आधा एकड़ सरकारी घास भूमि पर अवैध कब्जाकर कृषि कार्य किया जा रहा है। सरपंच द्वारा अपने पद का दुरुपयोग कर अपने परिवार के लोगों लाभ पहुचाने के लिए शक्तिनाला के पास 75 डिसमिल जमीन पर कब्जा करवाया गया है। जिसकी शिकायत आरंग तहसील और नगर पालिका में की गई है। लेकिन अभी तक उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नही की गई है।

## सरपंच पर भी है घास जमीनों में अवैध कब्जे का आरोप



### आरोप निराधार : सरपंच

इस मामले में सरपंच जितेंद्री साहू का दो टूक कहना है कि हितग्राही उस भूमि को छोड़कर कहीं भी निर्माण कर ले उनको कोई आपत्ति नही होगी। लेकिन उस निर्माण से लगे दूसरे निर्माण पर आपत्ति नही लगाने के सवाल पर उनका कोई जवाब नही था। इसके अलावा घास जमीन पर अवैध कब्जे के ग्रामीणों के आरोप को सरपंच ने निराधार बताया। बहरहाल हितग्राही पूर्णिमा का आवास निर्माण रुका हुआ है। उसने शासन से न्याय की गुहार लगाई है।

## कार्रवाई : छपोरा ग्राम में फैली सनसनी, धार्मिक भावनाएं आहत करने का मामला दर्ज

# गाय मांस बिक्री मामले में दो गिरफ्तार गौ सवकों ने विस थाने में किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

■ गुमशुदा गाय की तलाश के दौरान मामला हुआ उजागर

छत्तीसगढ़ की राजधानी से लगे ग्राम पंचायत छपोरा में गो-वंश के साथ क्रूरता का एक हृदय विदारक मामला सामने आया है। यहां ग्राम के ही दो व्यक्तियों को एक मृत गाय की चमड़ी उतारकर और उसके मांस को टुकड़ों में काटकर पिकनिक मनाने व बाकी मांस को बेचने की फिराक में पकड़ा गया है। गाय की मालिक व स्थानीय गोसेवकों की सूचना पर पुलिस ने तत्काल एक्शन लेते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना का खुलासा तब हुआ जब ग्राम छपोरा के निवासी भगवान दास गेंदरे ने अपनी गुमशुदा गाय की तलाश शुरू की। काफी खोजबीन के बाद उन्हें पता चला कि उनकी गाय मृत पाई गई है, लेकिन उसके साथ जघन्य क्रूरता की गई है। उन्होंने पुलिस को बताया कि ग्राम के ही दो व्यक्ति, इंदर चंद लहरी (उम्र 50 वर्ष) और सन्तन घटियरा (उम्र 30 वर्ष), मृत गाय की चमड़ी अलग कर चुके थे और बाकी मांस को छोटे-छोटे टुकड़ों में काटकर बेचने की तैयारी कर रहे थे।





### पुलिस ने फौरन की कार्रवाई

इस संवेदनशील मामले की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के गोसेवकों में भारी आक्रोश फैल गया। बड़ी संख्या में गोसेवक विधान सभा थाना पहुंचे और आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन पर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। मामले की गंभीरता को समझते हुए, विधान सभा थाना प्रभारी श्री शिवेंद्र राजपूत ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत टीम गठित की। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपी इंदर चंद लहरी और सन्तन घटियरा को मौके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (**IPC**) की धारा 299 के तहत मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही, छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम, 2004 के प्रावधानों के तहत भी कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### गोमांस की पिकनिक भी चल रही थी

ग्राम छपोरा ( धरसींवा ) में गौमांस की बिक्री और गोवंश की हत्या की ख़बर ने आज बड़ा बवाल खड़ा कर दिया, जिसके बाद आक्रोशित गौसेवकों ने राजधानी के विधानसभा थाना परिसर में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। गौसेवकों का आरोप है कि छपोरा में न सिर्फ़ गायों की हत्या की गई, बल्कि गोमांस की पिकनिक भी चल रही थी। त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर भारी संख्या में कार्यकर्ता थाने पहुंचे और नारेबाजी करते हुए हंगामा किया। पुलिस ने गोसेवकों को शांत कराते हुए मामले में तत्काल जांच शुरू करने और दोषियों के ख़िलाफ़ गौवंश संरक्षण अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद हंगामा समाप्त हुआ।

# छत्तीसगढ़ महतारी की क्रांति सेना ने की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी व छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने छत्तीसगढ़ महतारी की किया पूजा अर्चना।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी एवं छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को रखकर दीप जलाकर पूजा अर्चना की गई साथ ही छत्तीसगढ़ की जयकार किया गया। इस अवसर पर प्रदीप साहू, भूपेंद्र ठाकुर, कमलेश साहू ,उमेश निर्मलकर, टिकेश्वर साहू, अमित मानिकपुरी, राकेश साहू, नीरज साहू, गिरीश वर्मा, राजेंद्र साहू, साजन निषाद, विजय सोनी ,लक्ष्मी साहू ,रोशन साहू ,टेकराम साहू ,पूर्णिमा साहू, लता यादव ,सती साहू, विनोद सेन, मनोज चक्रधारी , तरुण साहू ,अजय सोनी, तेजराम ,महेश साहू, अभिराज दीपक वर्मा, हेमंत वर्मा, दीपक निषाद , चंद्रा ध्रुव ,दीपेश वर्मा भूपेश देवांगन, गुहन वर्मा जयपाल ,मुकेश धीवर, मेघनाथ वर्मा, नोहर दीवार, मानसी साहू तारण साहू, अमन वर्मा ,गुलशन वर्मा, नीलकंठ निषाद ,नरोत्तम वर्मा ,दीपक वर्मा सहित छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी तिल्दा नेवरा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नेवरा कालेज के शिविर में विधिक जानकारी दी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देश व राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के तत्वाधान में माननीय अध्यक्ष जिला न्यायाधीश श्री बलराम प्रसाद वर्मा के निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अविनाश कुमार दुबे जिला रायपुर के मार्गदर्शन में सत्यनारायण अग्रवाल शासकीय महाविद्यालय कोहका नेवरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें अध्यक्ष श्री भावेश कुमार वटी तालुका विधिक सेवा समिति न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी व्यवहार न्यायालय तिल्दा द्वारा नालसा योजना2025 अन्य जानकारी दिया गया। लोगों को नालसा के विभिन्न योजना जिसमें नालसा बच्चों के बाल मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं 2024 नालसा योजना जागृति 2025 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 एवं गुड टच बेड टच साइबर अपराध मोटरयान अधिनियम की जानकारी दिया गया जिसमें कॉलेज के प्राचार्य वर्मा सर अध्यापक अध्यापिका छात्र एवं छात्राएं, रिखीराम वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# देवउठनी पर सूपा-टोकरी को जलाकर तापी आग

**आरंग।** देवउठनी एकादशी पर्व पर जहाँ एक ओर श्रद्धालुओं ने भगवान विष्णु के जागरण की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से की, वहीं पूजा के उपरांत रात में गाँवों में सदियों पुरानी एक पारंपरिक दृश्य देखने को मिला। ग्रामीणों ने पुराने सूपा, टोकरी, बाँस व छप्पर के टुकड़ों को इकट्ठा कर खुले आँगन या चौपाल में जलाया और उसके चारों ओर बैठकर ताप ली। यह परंपरा आज भी लोक जीवन में अपनापन और सामूहिकता की गर्माहट बनाए हुए है।गाँव की गलियों में इस अवसर पर बच्चों और युवाओं का उत्साह देखते ही बनता था। बुजुर्गों के साथ बैठकर पुरानी परंपराओं की बातें साझा कीं और ऋतु परिवर्तन के इस समय में ठंडी हवाओं के बीच आग तापकर मौसम के बदलाव का स्वागत किया। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह परंपरा केवल आग तापने तक सीमित नहीं, बल्कि एक सामाजिक एकजुटता का प्रतीक है।

सूपा-टोकरी जलाने की यह रीति पुराने और टूटे घरेलू सामानों को प्रतीकात्मक रूप से विदा करने और नए शुभ समय का स्वागत करने की भावना से जुड़ी है। देवउठनी की यह रात न केवल धार्मिक आस्था बल्कि ग्रामीण जीवन की सामूहिक खुशियों और परंपरा की जीवंत झलक भी प्रस्तुत करती रही। गांवों में देर रात तक हंसी, गीत और अलाव की लपटों से वातावरण गर्म और मन भावन बना रहा।

## 5 को बकतरा में मानस ज्ञान और सुआ नृत्य

**आरंग।** ग्राम बकतरा (गोढ़ी) में कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में 5 नवम्बर को कामता प्रसाद श्रीगुरुदेव संकीर्तन मानस मण्डली बुड़ेरादादर का शाम 6 से 9 बजे तक रामायण मानस ज्ञान ततपश्चात माँ की प्रेरणा सुवा परिवार धर्मनगरी आरंग की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब व अध्यक्षता सरोजनी दिवाकर जांगड़े करेंगे।विशिष्ट अतिथि के रूप में गोपाल वर्मा मण्डल अध्यक्ष मंदिरहसौद, कृष्णकुमार वर्मा पूर्व मण्डल अध्यक्ष, ललिता वर्मा महामंत्री भाजपा रायपुर ग्रामीण, सागर पटेल पार्षद न.पा. परिषद मंदिरहसौद, देवकी आदित्य पटेल सरपंच, बकतरा व नरेंद्र पटेल उपसरपंच कार्यक्रम में उपस्थिति देंगे। उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता गजाधर बैस ने दी है।

# मानस संघ ने दीपावली मिलन समारोह मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

रविवार को मां कौशल्या जिला मानस संघ रायपुर के अंतर्गत मानस शक्ति केन्द्र राखी के तत्वावधान में ग्राम कोटनी (नया रायपुर) में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जिला संघ के पदाधिकारियों की पावन उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीराम जानकी की प्रतिमा पर माल्यार्पण से हुआ। इस अवसर पर सभी ने एक दूसरे को दीपावली, छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस व देवउठनी की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की सुख-शांति की कामना किए। साथ ही रामचरित मानस पर चिंतन विमर्श करते हुए श्रीराम के आदर्शो को अपनाने का संकल्प लिया।इस मौके पर जिला मानस संघ से आरआर साहू, एनआर साहू, शत्रुहन सिन्हा, श्यामलाल तारक, यशवंत साहू, रोहित कुमार, बिसहत राम, बिसाहू राम, फतिस साहू, रामाधार यादव, ओमकार साहू, तीरथ राम, ओमप्रकाश निर्मलकर, बंधुराम, कोमल कुमार, किशोर गोस्वामी, कैलाश महराज, दिलीप ठाकुर, विष्णु साहू, पिंटू पटेल, नीलकंठ साहू, लोकेश, रेखराज तारक, मनराखन पटेल, देवशरण साहू, लक्ष्मीनाथ, परमानद, अवध विश्वकर्मा, अवधराम, हरिराम, घनश्याम साहू, रामचंद्र, ओमकार पटेल, नरेश साहू, ओमप्रकाश निर्मलकर, विजय पाटेश्वर, राजेंद्र वर्मा, ओमकार पटेल, डॉ अश्वनी साहू, चन्द्रहास सिन्हा, रामग़ुलाल, फागुराम साहू, ग्राम कोटनी के सरपंच डॉ यशवंत साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला मानस संघ रायपुर के सचिव व उद्घोषक पोयम शरण साहू ने किया।

**पेज 11 के शेष...**

### क्या सिस्टम है? हमर...

संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। इसमें 10 एमएल का सीरिंज प्रमुख है। इस सीरिंज का उपयोग इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन के रूप में किया जाता है। सप्लाई नहीं होने की वजह से मरीजों को दवा दुकान से सीरिंज खरीदकर लाने की मजबूरी है। कई मरीजों की सीरिंज खरीदने की स्थिति नहीं होने चिकित्सकीय स्टाफ जरूरी दवा के 5-5 एमएल की दो डोज बनाकर इंजेक्ट कर उपचार की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। इसी तरह इन स्वास्थ्य केंद्रों में एजीथ्रोमाइसिन की कमी है। यह दवा एंटीबायोटिक है, जिसे अस्पताल में आने वाले लगभग हर मरीज को देना जरूरी होता है। स्टाक नहीं होने की वजह अस्पताल स्टाफ मरीजों को दवा देने के बजाय पर्ची लिखकर दे रहा है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इनकी सप्लाई के लिए काफी समय पहले डिमांड सीजीएमएससी को भेजी जा चुकी है, मगर की सप्लाई नहीं हो पा रही है।

### सूर्य किरण एयर शो के लिए पार्किंग और...

<B>वीवीआईपी के लिए मार्ग<B>- जैनम तिराहा, विमानतल तिराहा से दाहिने मुड़कर स्टेडियम तिराहा से बायें मुड़कर पुराना मंदिर हसौद मार्ग, रेलवे अंडरब्रिज तिराहा से दाहिने मुड़कर सत्य साईं हॉस्पिटल के सामने से कार्यक्रम स्थल सेंध जलाशय, पार्किंग व्यवस्था सत्य साईं हॉस्पिटल।

वीआईपी के लिए मार्ग - माना विमानतल एवं सेरीखेड़ी ओवरब्रिज की ओर से विमानतल तिराहा, स्टेडियम तिराहा से दाहिने मुड़कर खूबचंद बघेल चौक, चंदूलाल चंद्राकर चौक से बायें मुड़कर कोटराभाटा, कबीर चौक से बायें मुड़कर सेक्टर 12, सेक्टर 9, सेक्टर 4 से दाहिने मुड़कर सेक्टर-10 ग्राम पलौद चौक से बायें मुड़कर कार्यक्रम स्थल सेंध जलाशय, पार्किंग व्यवस्था क्रिकेट स्टेडियम अराउंड पार्किंग ।

# साइबर खतरों से निपटने में सक्षम है पॉवर कंपनी का सुरक्षा तंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव ने कहा, पॉवर कंपनी की सायबर सुरक्षा प्रणाली सायबर खतरों से निपटने में सक्षम है और नवीन प्रौद्योगिकी से लैस है। विद्युत सेवा भवन में एक सादे समारोह में सीएसपीडीसीएल द्वारा सायबर सुरक्षा पर तैयार सायबर सुरक्षा संक्षेपिका और कंप्यूटर डेस्क मैट का उन्होंने विमोचन किया।

कंप्यूटर डेस्क मैट पर साइबर सुरक्षा संबंधित क्या करें और क्या न करें उपयोगकर्ता जागरूकता हेतु लिखा गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सूचना सुरक्षा प्रकोष्ठ (आईएससी) ने कंपनी के नेटवर्क, सर्वर, एप्लीकेशन, डाटा एवं वेबसाइट समेत सभी ऑफिस के कंप्यूटर को अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से सुरक्षा कवच प्रदान किया है। उन्होंने कंपनी के कार्मिकों के लिए प्रतिवर्ष सायबर सुरक्षा जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण आयोजित करने को सार्थक पहल बताया।

इस मौके पर मौजूद पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बताया कि पॉवर कंपनी मुख्यालय में केन्द्रीयकृत सायबर सुरक्षा संचालन केन्द्र (सी–एसओसी) संचालित है जहां से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं संबंधी डाटा की गोपनीयता एवं सुरक्षा की निगरानी की जाती है। उन्होंने कहा, यह देश में सार्वजनिक क्षेत्र में पॉवर सेक्टर का पहला सायबर सुरक्षा केन्द्र है। इस केन्द्र में 24 घंटे सातों दिन सभी सायबर इंसीडेंट की निगरानी की जाती है।

# खोरपा के सेवानिवृत्त एचएम को दी विदाई



**अभनपुर।** ग्राम खोरपा प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक केपी साहू 39 वर्ष की शिक्षकीय सेवा पूर्ण कर 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हुए। श्री साहू ने अपने नाती विराट बांकुरा के जन्मदिन के अवसर पर कक्षा पहली के 12 बच्चो को स्वेटर वितरण किया। गौरतलब है कि श्री साहू ने 1986 में प्राथमिक शाला रवेली से सेवा की शुरुआत की थी उन्होंने शिक्षण कार्य के साथ मानवीय सेवा को भी प्राथमिकता दी। विद्यालय में शिक्षक की कमी होने पर उन्होंने अपने वेतन से वैकल्पिक शिक्षक की व्यवस्था की, ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इस अवसर पर उन्होने बच्चो से क हा कि शिक्षा ही विकास का आधार है,कभी परिस्थितियो से हार मत मानो जो सीखने का चाह रखता है वही आगे बढ़ता है,समय का मूल्य समझते हुये अपने गांव,समाज व देश का नाम रोशन करो। सेवानिवृत्ति अवसर पर उन्होंने विद्यालय संचालन का दायित्व पी.एस. राजपूत को सौंपा। इस मौके पर सरपंच श्रीमती मीना ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष गणेश राम पटेल, उपाध्यक्ष जानकी साहू, नारायण साहू, सेउक पटेल,तेजप्रताप पटेल,श्रीमति यशोदा पटेल,श्रीमति ऐश्वर्या साहू,हृदय साहू,पार्वती साहू,रसोइयां व स्वीपर सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# थायरॉयड ग्रंथि और मांसपेशियों से संबंधित बीमारियों का डीके अस्पताल में होगा इलाज

## एंडोक्रिनोलॉजी, रूमेटोलॉजी विभाग शुरू करने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

बदलती लाइफ स्टाइल के दौरान थायरॉयड और मांसपेशियों तथा हड्डियों के जोड़ों से जुड़ी परेशानी का इलाज आने आने वाले दिनों में सरकारी अस्पताल में भी संभव होगा। डीकेएस सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल में एंडोक्रिनोलॉजी और रूमेटोलॉजी विभाग खोलने की तैयारी शुरू कर दी गई है। अस्पताल प्रबंधन द्वारा इसका प्रस्ताव शासन को भेजा जा चुका है, जिसके अनुमोदन के बाद जरूरी संसाधन जुटाने का काम शुरू होगा।

पिछले दिनों स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने डीके अस्पताल का निरीक्षण किया था। इस दौरान उनके द्वारा आम जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए उपचार व्यवस्था को बढ़ाने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा यहां दो नए विभाग शुरू करने की योजना बनाकर सहमति के लिए प्रस्ताव भेजा है। इसमें एंडोक्रिनोलॉजी और रूमेटोलॉजी शामिल है। इनसे संबंधित बीमारियों के इलाज के लिए अस्पताल में जरूरी संसाधन मौजूद है। केवल चिकित्सकों की व्यवस्था करने के बाद मरीजों को दोनों विभाग से संबंधित बीमारियों के उपचार की सुविधा दी जा सकती है।

वर्तमान में राज्य के किसी भी शासकीय मेडिकल कालेज अथवा अस्पताल में इससे संबंधित बीमारी का इलाज नहीं होता। मरीजों को समस्या होने पर निजी अस्पताल अथवा दूसरे राज्यों में जाकर अपना उपचार करना पड़ता है। डीके अस्पताल में दोनों विभाग खुलने के बाद मरीजों को निजी अस्पताल में जाकर पैसे खर्च करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### एंडोक्रिनोलॉजी से संबंधित बीमारी

एंडोक्रिनोलॉजी विभाग के डॉक्टर थायरॉयड ग्रंथि से संबंधित विकार, मोटापा, बांझपन, कोलेस्ट्रॉल के स्तर से संबंधित समस्याएं, पिट्यूटरी और अधिवृक्क ग्रंथियों के विकार से संबंधित समस्याओं का इलाज करते है। थायरॉयड से संबंधित समस्या अब काफी बढ़ चुकी है। इसकी वजह अन्य शारीरिक परेशानियों के साथ थायरॉयड के कम अथवा ज्यादा होने का दुष्प्रभाव भी लोगों में नजर आने लगता है।




### रूमेटोलॉजी में मिलेगी उपचार की सुविधा

इस विभाग में हड्डियों, जोड़ों, मांसपेशियों और संयोजी ऊतकों (जैसे टेंडन और लिगामेंट) को प्रभावित करने वाली कई जटिल बीमारियों का उपचार किया जाता है। उम्र अधिक होने के बाद शरीर के जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में खिंचाव, हड्डियों के कमजोर होने जैसी समस्या बढ़ जाती है। इस तरह की बीमारियों का इलाज यहां संभव होगा।

### न्यूरोलॉजिस्ट का इंतजार

अस्पताल में पिछले दिनों न्यूरोलॉजी विभाग के विशेषज्ञ ने त्यागपत्र दे दिया। डॉक्टर के अभाव में यहां मस्तिष्क की नसों की समस्या लेकर आने वाले मरीजों का दवा से इलाज नहीं हो पा रहा है। डीके अस्पताल में न्यूरो से संबंधित काफी मरीज पहुंचते हैं। जरूरतमंद मरीजों को इलाज के लिए एम्स जाने की सलाह दी जा रही है। इधर अस्पताल प्रबंधन नए न्यूरोलॉजिस्ट की व्यवस्था के लिए कई डॉक्टरों से संपर्क कर रहे हैं। दावा किया जा रहा है कि आने वाले दिनों में इसकी व्यवस्था हो जाएगी।

## खबर संक्षेप



### राज्यपाल से राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित छात्रा ने की भेंट

रायपुर। राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित कोरबा जिले के एनएसएस की छात्रा लेखनी साहू ने राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका से सौजन्य भेंट की। राज्यपाल ने लेखनी साहू के कार्यों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। लेखनी साहू को विगत 6 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा समाज सेवा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया था। सुश्री लेखनी ने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण, शिक्षा जागरूकता और शासन की योजनाओं को आम जनता तक पहुँचाने जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाई है। राज्यपाल श्री डेका ने उनसे उनके अनुभवों पर चर्चा की और कहा कि ऐसे युवा समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने लेखनी को सतत रूप से समाजसेवा के कार्यों में जुड़े रहने और दूसरों के लिए मिसाल बनने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर छात्रा के परिजन भी उपस्थित थे।

### फेडरेशन के अध्यक्ष बने रविंद्र, देवेंद्र उपाध्यक्ष



रायपुर। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के प्रांतीय चुनाव में रविंद्र राठौर पैनल ने एकतरफा जीत हासिल कर संगठन में अपनी पकड़ मजबूत की है। प्रांतीय अध्यक्ष पद पर रविंद्र राठौर ने अपने प्रतिद्वंदी अजय गुप्ता को 48 मतों तथा अश्वनी कुर्रे को 19 मतों से पराजित कर निर्णायक जीत हासिल की। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद पर देवेंद्र हरमुख ने 109 मत प्राप्त कर हेम साहू को 73 मतों से हराया। संगठन के सचिव पद पर राजू टंडन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 134 मत प्राप्त किए, जबकि उनके प्रतिद्वंदी शरणदास को केवल 48 मत मिले। इसी प्रकार कोषाध्यक्ष पद पर शेषनाथ पांडे ने 133 मतों से जीत दर्ज की।

## निधन

### तेज कुमार कांकरिया



रायपुर। शैलेन्द्र नगर निवासी तेज कुमार कांकरिया का 2 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे लक्ष्मीलाल, जसराज, राजकुमार के भाई और उर्श, मयंक के पिता थे।

## नालियों में कचरा जाम, सड़क पर झाड़ू लगाने में लापरवाही

# शहर की सफाई और कचरा उठाने पर हर साल 60 करोड़ खर्च, फिर भी गंदगी का आलम, नहीं सुधर रही व्यवस्था

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

शहर की सफाई और नाली से कचरा उठाने में नगर निगम सालाना 60 करोड़ रुपए खर्च कर रहा है। इसके बाद भी नालियों में कचरा जाम है, घरों और दुकानों से नियमित रूप से कूड़ा-कचरा नहीं उठाया जा रहा है। इससे लोग परेशान हैं। सफाई के लिए अनुबंधित कंपनी को नियम अनुसार लोगों के घरों से रोज गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में लेना है, पर कचरे की छंटाई किए बिना घरों व दुकानों का कचरा सीधे लैंडफिल साइट पर भेजा जा रहा है। सड़क और नाली सफाई का काम नगर निगम अपने नियमित सफाई कर्मचारियों से करा रहा है इसके एवज में हर महीने उन्हें 1.50 करोड़ का भुगतान करने के बाद भी नालियां जाम पड़ी हैं।

दरअसल, ठेके पर चल रही शहर की सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। दस जोन के 70 वार्डों में सफाई के नाम पर 60 करोड़ रुपए हर साल खर्च करने के बाद भी निगम प्रशासन शहर को स्वच्छ नहीं बना पाया। 14 लाख की आबादी वाले रायपुर शहर में रोजाना 600 मीट्रिक टन कूड़ा-करकट शहर से निकल रहा है। डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने निगम से अनुबंधित रामकी कंपनी ने इस कार्य के लिए 250 से अधिक कचरा गाड़ियों की व्यवस्था की है। इसके बाद भी शहर के कुछ इलाकों में नियमित रूप से कचरा गाड़ी लोगों के घरों तक कचरा उठाने नहीं पहुंच रही। इसकी निगरानी के मामले में निगम प्रशासन फेल साबित हुआ है।

आउटर सहित शहर के कुछ अंदरूनी इलाके ऐसे हैं, जहां संकरी गलियों में गाड़ियां नहीं जा पातीं, वहां कचरा उठाने की समुचित व्यवस्था नहीं होने से लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ रही है। जबकि नगर निगम इन सभी लोगों से कचरा कलेक्शन के एवज में सालभर का यूजर चार्ज वसूल रहा है।

## रोड, नाली सफाई के लिए निगम अपने कर्मचारियों को करता है हर माह 1.50 करोड़ भुगतान

### 5 गाड़ियों की जरूरत वहां 3 वाहनों से उठा रहे कूड़ा-करकट

नगर निगम जोन-10 के लालबहादुर शास्त्री वार्ड की बसाहट हिसाब से वहां 5 कचरा गाड़ियों की जरूरत है, पर ठेका एजेंसी ने वहां केवल 3 गाड़ियां कचरा कलेक्शन के लिए लगा रखी है। वार्ड पार्षद रेणु-जयंत साहू के साथ संबंधित बस्तियों के लोगों ने जोन कमिश्नर और जेडएचओ से 5 गाड़ियों की व्यवस्था कराने कई बार ध्यान आकर्षित कराया, पर गाड़ियों की संख्या नहीं बढ़ाई गई। इसके कारण लभांडी, फुंडहर, जोरा, सूरजनगर इलाके में नियमित रूप से लोगों के घरों से कचरा नहीं उठ रहा है। वार्ड में सफाई गाड़ी बढ़ाने की जरूरत है।



### 3 दिन गेप के बाद आई कचरा गाड़ी, नालियां जाम

हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में दीपावली त्योहार के बाद भी 3 दिन तक कचरा गाड़ी लोगों के घरों से कचरा उठाने नहीं पहुंची। इसके चलते रहवासी परेशान हैं। नालियों की सफाई का कार्य भी प्रभावित रहा है। मौदहापारा के कल्लू गैरेज एरिया, सांई नगर भाटापारा, सुभाष नगर, एकात्म परिसर के पीछे वाले एरिया में कमोबेश यही स्थिति बनी है। वार्ड पार्षद शेख मुशीर का कहना है, रामकी की कचरा गाड़ी वार्ड में नियमित रूप से नहीं आने की शिकायत हमने जोन और मुख्यालय में भी की है। नाली में कचरा जाम न हो, इसलिए वहां बड़े बड़े ड्रम के ढक्कन निकालकर रखवा दिए हैं, ताकि लोग उसमें कचरा डाल सकें। सामान्य सभा की बैठक में भी इस समस्या को उठाया था। वार्ड में कचरा उठाने के लिए 2 गाड़ियां आती हैं, पर वार्ड में घनी बसाहट को देखते हुए 2 अतिरिक्त सफाई वाहन की मांग की है।

### मॉनिटरिंग का सिस्टम ठप झांकने तक नहीं आते अफसर

शहर में नालियों की सफाई और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था में खामियां उजागर होने के बाद भी जोन व मुख्यालय स्तर पर सफाई की प्रॉपर मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है, इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। वार्डों की सफाई ठेका में निर्धारित संख्या से कम संख्या में कर्मचारी कम पर होने के बाद भी निगम प्रशासन सफाई ठेकेदार पर केवल जुर्माना लगाने की खानापूर्ति कर रहा है। जबकि ठोस कदम नहीं उठा पा रहा है। इससे लोगों में सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी व्याप्त है।

### निगरानी बढ़ाएंगे

जोन स्तर पर सफाई की व्यवस्था पर नजर रखने निगरानी बढ़ाएंगे। शहर की सफाई का जिम्मा लेने वाली एजेंसी को नियमित रूप से सभी वार्डों में सफाई वाहन भेजने निर्देशित किया जाएगा।
- **मीनल चौबे**, *महापौर, ननि रायपुर*

# नई विस की लोकार्पण पट्टिका से नेता प्रतिपक्ष महंत का नाम गायब

## उद्घाटन के बाद नए विस भवन को लेकर सियासत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 1 नवंबर 2025 को छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के मौके पर प्रदेश की नए विधानसभा भवन उद्घाटन किया। अब इस भवन को लेकर प्रदेश में सियासत शुरू हो गई है। नए विधानसभा भवन के लोकार्पण पट्टिका पर नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का नाम नहीं होने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सवाल उठाए हैं। छत्तीसगढ़ के नए विधानसभा भवन की लोकार्पण पट्टिका से नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत का नाम गायब है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने इस मामले को लेकर कहा, बीजेपी का चरित्र ही अलोकतांत्रिक है। जब पहले विधानसभा का शिलान्यास हुआ, तब कांग्रेस की सरकार थी और कांग्रेस ने उनके नेता प्रतिपक्ष का नाम शामिल किया था। दुर्भावनापूर्वक बीजेपी ने इस बार नेता प्रतिपक्ष का नाम नहीं जोड़ा। विधानसभा में तीन पद बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, विधानसभा अध्यक्ष, मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष। भाजपा को हमारे नेता प्रतिपक्ष से इतनी तकलीफ क्यों है?

***जिला अध्यक्ष सूची को लेकर भाजपा पर पलटवार*** : उन्होंने कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की सूची को लेकर भाजपा के बयान पर पलटवार भी किया। उन्होंने कहा, भाजपा अपना राष्ट्रीय अध्यक्ष चुन नहीं पा रही है और कांग्रेस से जिला अध्यक्षों की सूची मांग रही है। इनके पार्टी में मुख्यमंत्री से लेकर तमाम नेता चिट्ठी के जरिए चुने जाते हैं।

# पुन्नी मेला से पूर्व महादेवघाट की सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर रविवार को अपर आयुक्त विनोद पांडे ने जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित जोन अधिकारियों के साथ महादेवघाट की सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। कार्तिक पुन्नी मेला से पूर्व मेला स्थल की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने निगम के अधिकारियों ने महादेवघाट सहित आसपास के क्षेत्रों का जायजा लिया। तीन दिवसीय पुन्नी मेला के परंपरागत आयोजन को ध्यान में रखते हुए संबंधित क्षेत्रों में तत्काल विशेष सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता कायम करने अधिकारियों को निर्देशित किया।

- **अपर आयुक्त ने जोन कमिश्नर समेत अधिकारियों के साथ की समीक्षा**

अपर आयुक्त श्री पांडे ने पूर्व के वर्षों की भांति इस वर्ष भी मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था का पुख्ता प्रबंधन प्रशासनिक तौर पर निश्चित करने जोन-8 के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

# मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह 12 नवंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ फिल्म एवं विजुअल आर्ट सोसाइटी द्वारा 12 नवंबर से पांच दिवसीय मुक्तिबोध राष्ट्रीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में संस्था प्रमुख सुभाष मिश्रा ने बताया कि राजधानी के गांधी चौक स्थित रंग मंदिर में आयोजित इस आयोजन में मुंबई, भोपाल और जबलपुर के कई दिग्गज कलाकारों की टीम अपनी प्रस्तुति देगी। इस अवसर पर पेंटिंग और पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जाएगा। जहां लोगों को ओपन माइक पर अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिलेगा। यह आयोजन सुप्रसिद्ध रंगकर्मी स्व. अरुण पांडे को समर्पित है। 12 नवंबर को उषा प्रियवंदा की कहानी वापसी का मंचन होगा।



इसी तरह 13 नवंबर को गजानन माधव मुक्तिबोध की जयंती पर आधारित मुक्तिबोध कविताओं की प्रस्तुति डा. सुयोग पाठक, रचना मिश्रा और साथियों द्वारा दी जाएगी। जिसके बाद रामधारी सिंह दिनकर की कालजयी कृति पर आधारित रश्मिरथी, हरीश हरिऔध द्वारा एकल नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं 15 नवंबर निठल्ले की डायरी, हरिशंकर परसाई की रचनाओं से प्रेरित होगी। अंतिम दिन 16 नवंबर को सौरभ अनंत के निर्देशन में रंग संगीत, गांधी गाथा की प्रस्तुति विहान ड्रामा वर्क्स भोपाल द्वारा होगी।


# साइबर खतरों से निपटने में सक्षम है पॉवर कंपनी का सुरक्षा तंत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अध्यक्ष डॉ रोहित यादव ने कहा, पॉवर कंपनी की सायबर सुरक्षा प्रणाली सायबर खतरों से निपटने में सक्षम है और नवीन प्रौद्योगिकी से लैस है। विद्युत सेवा भवन में एक सादे समारोह में सीएसपीडीसीएल द्वारा सायबर सुरक्षा पर तैयार सायबर सुरक्षा संक्षेपिका और कंप्यूटर डेस्क मैट का उन्होंने विमोचन किया।

कंप्यूटर डेस्क मैट पर साइबर सुरक्षा संबंधित क्या करें और क्या न करें उपयोगकर्ता जागरूकता हेतु लिखा गया है। इस अवसर पर उन्होंने कहा, डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के सूचना सुरक्षा प्रकोष्ठ (आईएससी) ने कंपनी के नेटवर्क, सर्वर, एप्लीकेशन, डाटा एवं वेबसाइट समेत सभी ऑफिस के कंप्यूटर को अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी प्रणाली से सुरक्षा कवच प्रदान किया है। उन्होंने कंपनी के कार्मिकों के लिए प्रतिवर्ष सायबर सुरक्षा जागरूकता संबंधी प्रशिक्षण आयोजित करने को सार्थक पहल बताया।

इस मौके पर मौजूद पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रबंध निदेशक भीम सिंह कंवर ने बताया कि पॉवर कंपनी मुख्यालय में केन्द्रीयकृत सायबर सुरक्षा संचालन केन्द्र (सी–एसओसी) संचालित है जहां से प्रदेश के विद्युत उपभोक्ताओं संबंधी डाटा की गोपनीयता एवं सुरक्षा की निगरानी की जाती है। उन्होंने कहा, यह देश में सार्वजनिक क्षेत्र में पॉवर सेक्टर का पहला सायबर सुरक्षा केन्द्र है।



इस केन्द्र में 24 घंटे सातों दिन सभी सायबर इंसीडेंट की निगरानी की जाती है। सायबर सुरक्षा संक्षेपिका और कंप्यूटर डेस्क मैट के विमोचन अवसर पर कार्यपालक निदेशक (ईआईटीसी) विनोद कुमार साय, अधीक्षण अभियंता (आईएससी) विकास शर्मा समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## एक दौर की बैठक खत्म दूसरी बैठक में राहुल गांधी होंगे शामिल

# कांग्रेस जिला अध्यक्षों की नियुक्ति अब बिहार विधानसभा चुनाव के बाद ही होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कांग्रेस के संगठन सृजन अभियान के तहत छत्तीसगढ़ कांग्रेस संगठन में बड़ा बदलाव करने की तैयारी है। 17 अक्टूबर तक सभी जिलों के पर्यवेक्षकों ने ब्लॉक कांग्रेस की राय लेकर संभावित नामों की सूची एआईसीसी को सौंप दी थी। 41 जिलाध्यक्षों में से 36 नए चेहरों को मौका मिल सकता है, जबकि 5 चेहरे पुराने रिपीट हो सकते हैं। नए जिला अध्यक्षों की लंबे समय से अटकी सूची अब बिहार चुनाव के बाद ही जारी हो सकती है।

छत्तीसगढ़ में संगठन को नया और सक्रिय स्वरूप देने के उद्देश्य से बदलाव किया जा रहा है। संगठन में नियुक्ति के लिए एआईसीसी ने प्रदेश



के वरिष्ठ नेताओं से भी राय ली है। पर्यवेक्षकों ने अपनी पूरी रिपोर्ट देने के साथ ही एआईसीसी को पूरा फीडबैक दे दिया है। ऐसे में यह माना जा रहा था कि अक्टूबर माह के अंत में सूची आ जाएगी। सूत्र बताते हैं कि राज्य के वरिष्ठ नेताओं से राय लेने के बाद अब राहुल गांधी, एआईसीसी के महासचिव केसी वेणुगोपाल के साथ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट की एक और बैठक होगी। बैठक में आए सभी नामों पर चर्चा के बाद सक्रिय लोगों के नाम जारी किए जाएंगे। कांग्रेस अभी बिहार चुनाव के प्रचार में लगी है। ऐसे में 12 नवंबर तक यह बैठक टलने के आसार हैं। उसके बाद होने वाली बैठक में सूची को अंतिम रूप दिया जाएगा।

### वरिष्ठ नेताओं में खींचतान


जिलों से जिन नामों का पैनल गया है, उनमें अधिकांश ऐसे लोग शामिल हैं, जो पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के खेमे से हैं। नामों को लेकर कई वरिष्ठ नेताओं में खींचतान मची हुई है। ऐसे में देखना यह है कि जो नार्म्स संगठन ने तय किए हैं, उन पर वे कितने फिट बैठते हैं। वहीं राज्य में राजनीतिक समीकरण के हिसाब से नामों को तय करने की तैयारी है। बताया जा रहा है कि अब होने वाली बैठक में किन नामों को तवज्जो देते हैं, यह बैठक के बाद ही तय हो सकेगा।

### कमजोर प्रदर्शन करने वाले बदले जाएंगे

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस ने इसके पहले 11 जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की थी, लेकिन कुछ जिलों में संगठन का प्रदर्शन उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। अब कमजोर प्रदर्शन वाले जिला अध्यक्षों को भी बदलने की तैयारी हो चुकी है। जिन जिलों में विधानसभा चुनाव के दौरान पार्टी का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा, उनका हटना तय है। माना जा रहा है कि सभी जिलों में नए अध्यक्षों की नियुक्ति नवंबर के दूसरे सप्ताह में होने की संभावना है।

# जैन मंदिर में प्रभु को पाण्डुक शिला पर विराजित कर किया जलाभिषेक

रायपुर। दिगंबर जैन सम्प्रदाय के चल रहे आष्टानीका महापर्व के अंतर्गत कचना स्थित अमलतास कैसल स्थित 1008 श्री मुनि सुब्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना चल रही है, जिसके अंतर्गत प्रतिदिन प्रभु को पाण्डुक शिला पर विराजित कर जलाभिषेक, शांतिधारा के बाद बड़ी भक्ति भाव से श्रीजी की पूजा की जा रही है। यह जानकारी मंदिर के अध्यक्ष हिमांशु जैन ने देते हुए बताया कि अष्टनिका पर्व पर विशेष प्रकाश डालते हुए भाई सुरेश मोदी ने बताया कि इस महापर्व पर समस्त जाति के देव नंदीश्वर दीप पर पहुंचकर अनवरत प्रभु की आराधना में लीन रहते हैं। नंदीश्वर दीप में चारों दिशाओं में 52 अकृत्रिम जिन मंदिर विद्यमान हैं, उन सभी मंदिरों में समस्त जाति के चारों दिशाओं में देव पूजा-अर्चना करते हैं अष्टानिका का महापर्व एक ऐसा पर्व है, जिस पर सिद्धों की आराधना का विशेष महत्व है, यही वह पर्व है जिस पर मैना सुंदरी ने सिद्धों की आराधना कर अपने पति श्रीपाल का कष्ट दूर किया था। हम सभी को इन अष्टानिका महापर्व पर जो की वर्ष में तीन बार आती है, कार्तिक फागुन आषाढ़ माह के अंतिम आठ दिवस पर इस महापर्व पर समस्त श्रावकों को सम्यक दर्शन की प्राप्ति हो, इसके लिए सिद्ध चक्र महामंडल विधान की आराधना विशेष रूप से करनी चाहिए, हम सभी को इस पर्व पर विशेष पूजन आराधना कर अपना यह मानव जीवन सार्थक करना चाहिए।



## पेज 11 के शेष ...

### क्या सिस्टम है? हमर ...

संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। इसमें 10 एमएल का सीरिंज प्रमुख है। इस सीरिंज का उपयोग इंट्रामस्क्युलर इंजेक्शन के रूप में किया जाता है। सप्लाई नहीं होने की वजह से मरीजों को दवा दुकान से सीरिंज खरीदकर लाने की मजबूरी है। कई मरीजों की सीरिंज खरीदने की स्थिति नहीं होने चिकित्सकीय स्टाफ जरूरी दवा के 5-5 एमएल की दो डोज बनाकर इंजेक्ट कर उपचार की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। इसी तरह इन स्वास्थ्य केंद्रों में एजीथ्रोमाइसिन की कमी है। यह दवा एंटीबायोटिक है, जिसे अस्पताल में आने वाले लगभग हर मरीज को देना जरूरी होता है। स्टाक नहीं होने की वजह अस्पताल स्टाफ मरीजों को दवा देने के बजाय पर्ची लिखकर दे रहा है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इनकी सप्लाई के लिए काफी समय पहले डिमांड सीजीएमएससी को भेजी जा चुकी है, मगर की सप्लाई नहीं हो पा रही है।

### सूर्य किरण एयर शो के ...

वीवीआईपी के लिए मार्ग जैनम तिराहा, विमानतल तिराहा से दाहिने मुड़कर स्टेडियम तिराहा से बायें मुड़कर पुराना मंदिर हसौद मार्ग, रेलवे अंडरब्रिज तिराहा से दाहिने मुड़कर सत्य साईं हॉस्पिटल के सामने से कार्यक्रम स्थल सेंध जलाशय, पार्किंग व्यवस्था सत्य साईं हॉस्पिटल।

***वीआईपी के लिए मार्ग*** - माना विमानतल एवं सेरीखेड़ी ओवरब्रिज की ओर से विमानतल तिराहा, स्टेडियम तिराहा से दाहिने मुड़कर खूबचंद बघेल चौक, चंदूलाल चंद्राकर चौक से बायें मुड़कर कोटराभाटा, कबीर चौक से बायें मुड़कर सेक्टर 12, सेक्टर 9, सेक्टर 4 से दाहिने मुड़कर सेक्टर-10 ग्राम पलौद चौक से बायें मुड़कर कार्यक्रम स्थल सेंध जलाशय, पार्किंग व्यवस्था क्रिकेट स्टेडियम अराउंड पार्किंग।

## खबर संक्षेप

### युवा विमर्श कार्यक्रम में 150 विद्यार्थी हुए शामिल



**रायपुर।** विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी शाखा रायपुर द्वारा पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में "युवा विमर्श" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लगभग 150 विद्यार्थी शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विवेकानंद केंद्र कन्याकुमारी के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष हनुमंत राव ने "युवा- तू ही भारत का भविष्य" विषय पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने आत्मसम्मान, आत्मविश्वास और आत्मविकास के महत्व पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि विवेकानंद केंद्र एक आध्यात्म-प्रेरित सेवा संगठन है, जो "मनुष्य निर्माण से राष्ट्र पुनरुत्थान" के उद्देश्य से समाज में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं में स्वामी विवेकानंद के संदेशों द्वारा राष्ट्रचेतना, आत्मविश्वास और देशभक्ति की भावना का संचार किया गया। विवेकानंद केंद्र रायपुर के नगर संचालक चेतन तारवानी ने बताया कि कार्यक्रम में प्रो. डॉ. राजीव चौधरी, प्रो. सोनकर का विशेष योगदान रहा।

### मांगों को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन

**रायपुर।** विगत दिनों छत्तीसगढ़ अधिकारी कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन ने मोदी की गारंटी को लागू करने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस संबंध में प्रांतीय महामंत्री उमेश मुदलियार और जिला अध्यक्ष पंकज नायक ने जानकारी देते हुए बताया कि विधानसभा चुनाव 2023 के घोषणा पत्र में की गई मोदी की गारंटी के तहत कर्मचारियों एवं पेंशनर्स से किए गए वादों को शिघ्र लागू किए जाने को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान विजय झा, बीपी कुरील, राजेन्द्र उमाठे, प्यारेलाल सेन, यशवंत भोंसले, केएन शर्मा, मानक लाल पाण्डेय, विमल कुंडू, विश्वनाथ ध्रुव, राजू मुदलियार, बीआर अहीर, लक्ष्मण प्रसाद पनका, वायआर सोनी, मोहम्मद रियाज, जीपी अग्रवाल, सीएल दुबे, बीएल देवांगन, भारत भूषण शर्मा, जीएस यादव, वीरेन्द्र कुमार शर्मा सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

### ध्यान साधना-सत्संग शिविर का समापन

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के आदर्शनगर मोवा स्थित सतनाम धर्मशाला में तीन दिवसीय सतनाम ध्यान साधना एवं सत्संग शिविर कार्यक्रम विगत दिनों संपन्न हुआ। इस शिविर कार्यक्रम के संचालक एवं गुरु उत्तमलाल महिलांग ने बताया कि तीन दिवसीय शिविर में बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। इस शिविर में गुरुओं के सानिध्य में लोग तीन दिन तक सत्संग तथा ध्यान साधना में डूबे रहे हैं। इस दौरान सुबह ध्यान साधना, दोपहर एवं शाम को सत्संग के आयोजन हुए। गुरु मन्नूलाल चतुर्वेदी ने सत्संग कार्यक्रम में प्रवचन देते हुए कहा कि सत्य ही मानव का आभूषण होता है। यह आभूषण हर व्यक्ति को धारण करना चाहिए।

# नक्सल मोर्चा समेत मैदानी इलाके में अपराधियों से लोहा लेने वाले जांबाज पुलिस अफसरों को मिलेगा शौर्य पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर 14 जांबाज पुलिस अफसरों का चयन छत्तीसगढ़ शौर्य पदक के लिए किया गया है। शौर्य पदक पाने वाले जिन पुलिस अफसर, कर्मियों का चयन किया गया है, उस सूची में पहला नाम शहीद एएसपी आकाश राव गिरीपुंजे का है। जिन पुलिस अफसर कर्मियों को शौर्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। उनमें स्व. गिरीपुंजे के अलावा एक हेड कांस्टेबल नक्सल मोर्चे से लोहा लेते सर्वोच्च बलिदान देते हुए शहीद हुए हैं। जिन पुलिस अफसर के साथ कर्मियों को छत्तीसगढ़ शौर्य पदक से सम्मानित किया जाएगा, उन सभी ने धुर नक्सल क्षेत्र नारायणपुर, बीजापुर तथा दंतेवाड़ा में तैनाती के दौरान नक्सलियों से लोहा लेते हुए उन्हें धूल चटाने का काम किया है।

## पुरस्कार पाने वालों की सूची में पहला नाम शहीद आकाश राव गिरीपुंजे का

### इन पुलिसकर्मियों को भी मिलेगा शौर्य पदक

- एएसआई गोपाल बोड्डू (बीजापुर)
- महिला आरक्षक निशा कचलाम, बस्तर फाइटर्स (नारायणपुर)
- आरक्षक विजय पुनेम, (बीजापुर)
- आरक्षक रामेश्वर ओयामी (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक राजू लाल मरकाम, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक समलू राम सेठिया, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक दुलाराम कोवासी, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक मोहन लाल करटम (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक संतोष मुरामी, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक मनोज यादव, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)
- आरक्षक जामू रामको, बस्तर फाइटर्स (दंतेवाड़ा)




### अंतिम सांस तक हथियार थामे रहे बिरेंद्र

नारायणपुर में तैनाती के दौरान हेड कांस्टेबल बिरेंद्र कुमार सोरी 3 दिसंबर 2024 को डीआरजी, बीएसएफ, पुलिस की संयुक्त टीम के साथ नारायणपुर अबूझमाड़ के जंगल में सर्चिंग के लिए निकले थे। इस दौरान टीम का नक्सलियों से आमना-सामना हो गया। दोनों तरफ से फायरिंग के दौरान बिरेंद्र ने अपनी टीम को कवर देते हुए नक्सलियों पर जबरदस्त फायरिंग की। गोलीबारी में बिरेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए। बावजूद इसके अपनी जान की परवाह किए बगैर दमदारी से लोहा लेते हुए कई नक्सलियों को ढेर किया। बिरेंद्र अंतिम सांस तक हथियार थामे रहे।

### नक्सली बंद को नाकाम करने निकले थे गिरीपुंजे

वर्ष 2013 बैच के पुलिस अफसर आकाश राव गिरीपुंजे कोंटा में बतौर एएसपी पदस्थ थे। नक्सलियों द्वारा बंद कॉल कराए जाने की जानकारी मिलने पर श्री गिरीपुंजे जवानों के साथ 10 जून को पैदल गश्त पर निकले। कोंटा-एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा गांव के करीब पहुंचे, तभी प्रेशर बम में हुए विस्फोट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। अस्पताल में उपचार के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया।

सम्मान पाने वाले ज्यादातर पुलिसकर्मियों ने आमने-सामने की लड़ाई में नक्सलियों को ढेर किया है। साथ ही नक्सलियों को बड़ी घटना को अंजाम देने से रोका है। इसी वजह से पुलिसकर्मियों के साथ अफसरों को छत्तीसगढ़ शौर्य पदक से सम्मानित किया जा रहा है।

## दीपावली से लेकर अब तक तीन स्नैचिंग की वारदात

# पुलिस के कैमरे नियम तोड़ने वाले वाहनों को ही पकड़ रहे, चोर-लुटेरों के चेहरे नहीं दिख रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी में ज्यादातर जगहों पर इंटिग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट (आईटीएमएस) के तहत लगाए गए कैमरों में ट्रैफिक उल्लंघन करने वाले पकड़े तो जा रहे हैं, लेकिन अपराधी कैमरों को चकमा देकर अपराध कर रहे हैं। दीपावली से लेकर अब तक महिलाओं के साथ तीन स्नैचिंग की वारदातें हुई हैं, लेकिन पुलिस किसी भी मामले में आरोपियों को ट्रेस नहीं कर पाई है। साथ ही गंज थाना क्षेत्र में युवक की हत्या के मामले को पुलिस अब तक सुलझा नहीं पाई है।

- हत्या के आरोपी अब तक पुलिस पकड़ से बाहर

राजधानी के अलग-अलग इलाकों में पांच सौ से ज्यादा कैमरे लगाए गए हैं। कैमरों के मेंटेनेंस का काम स्मार्ट सिटी को करना है। मेंटेनेंस नहीं होने की वजह से ज्यादातर कैमरे खराब हो गए हैं। इस वजह से व्यस्त मार्गों पर अपराध होने से अपराधियों की पहचान करने में पुलिस को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। हाल के दिनों में महिलाओं के साथ जो स्नैचिंग की घटनाएं हुई हैं, वे तीनों घटनाएं व्यस्त मार्ग पर हुई हैं। बावजूद इसके आरोपियों का अब तक पता नहीं लगा पाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान है।



### हत्या का आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से बाहर

एक माह पूर्व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन कर लौट रहे युवक की फाफाडीह के पास अज्ञात बदमाशों ने गाली-गलौज करने के विवाद पर हत्या कर दी थी। घटना गंज थाना क्षेत्र की है। हत्या के आरोपियों का पुलिस अब तक पता नहीं लगा पाई है।

### मुखबिर तंत्र हुआ कमजोर

शहर के व्यस्त मार्गों पर स्नैचिंग की घटना होने के बाद भी आरोपियों की पहचान नहीं हो पाना पुलिस के मुखबिर तंत्र के कमजोर होने की ओर इशारा कर रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि व्यस्त मार्ग पर अपराध होने के बाद अब तक गिरफ्त से आरोपियों के बचने से पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं। ऐसे में शहर के अंदरूनी इलाकों में बदमाश घटना घटित कर पुलिस को आसानी से चकमा देकर फरार हो सकते हैं।

इन व्यस्त मार्गों पर स्नैचिंग

### पचपेड़ी नाका

कमल विहार निवासी एक महिला अपने दो बच्चों के साथ खरीदारी करने आई थी। घर वापस जाते समय बाइक सवार दो बदमाश महिला के करीब पहुंचे। बदमाश महिला को धक्का देकर गिरा दिए और हाथ में रखा बैग लूटकर फरार हो गए। घटना कलर्स मॉल के सामने हुई थी। घटना के बाद आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की पुलिस ने पड़ताल की, लेकिन आरोपियों के बारे में पुलिस को कोई सुराग नहीं मिला। पचपेड़ी नाका से कलर्स मॉल के बीच निजी के साथ आईटीएमएस के 35 से ज्यादा कैमरे लगे हैं।

### अग्रसेन चौक

पिछले सप्ताह एक महिला अपने बच्ची को सुबह स्कूल छोड़ने के लिए जा रही थी। अग्रसेन चौक के पास बाइक सवार दो बदमाश महिला के करीब पहुंचे और बैग लूटकर मौके से फरार हो गए। एक अन्य घटना में शनिवार को बाइक सवार युवक तथा युवती न्यू शांतिनगर में बुजुर्ग महिला से फूल मांगने के बहाने गले से चेन छीनकर फरार हो गए।

# बिचौलियों के चक्कर में अटका फार्मासिस्ट का पंजीयन, जांच में मिली अनियमितता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

फार्मेसी काउंसिल में पंजीयन की खातिर बिचौलियों के चक्कर में फंसे फार्मासिस्ट का पंजीयन अटक गया। शिकायतों की जांच हुई तो पेश दस्तावेज में अनियमितता मिली, जिस पर उससे स्पष्टीकरण मांगा गया है। मामले की जांच फार्मेसी काउंसिल के अलावा गठित टीम भी कर रही है। इधर यह भी संदेह जताया गया है कि फार्मेसी पंजीयन के लिए इस तरह की और भी गड़बड़ी हो सकती है।

- फार्मेसी काउंसिल के अलावा पृथक टीम भी कर रही परीक्षण

अभिषेक चंदा उन बिचौलियों के चंगुल में आ गया, जो पैसे लेकर फार्मेसी काउंसिल में फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन करते हैं। आरोप लगाया गया है कि मामला सामने आने के बाद स्टेट फार्मेसी काउंसिल ने बिना निष्पक्ष जांच के अभिषेक का पंजीयन रद्द कर दिया।

इसकी वजह से छात्र का भविष्य अंधकार में चला गया। मामले में काउंसिल की कार्रवाई पर सवाल उठाया गया है कि इस मामले में दोषियों की पहचान कर उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की जाएगी। साथ ही लापरवाही के लिए काउंसिल में किसकी जिम्मेदारी तय होगी। फार्मा विजन के नेशनल मेंबर योगेश साहू ने कहा कि इस मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए, क्योंकि संदेह है कि ऐसे कई लोगों को बिचौलियों ने अपना शिकार बनाया होगा। फार्मेसी काउंसिल की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल और पारदर्शी बनाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे घोटाले न हों। साथ ही अभिषेक चंदा के पंजीयन की शीघ्र बहाली की जाए और मामले की न्यायिक जांच हो। इधर फार्मेसी काउंसिल द्वारा अपने स्तर पर की जाने वाली जांच में दस्तावेजों में अनियमिता सामने आने की बात कही गई है।

### *पंजीयन रद्द नहीं, होल्ड किया*

*स्टेट फार्मेसी काउंसिल के रजिस्ट्रार अश्वनी गुर्देकर ने बताया कि मामले की जांच के दौरान दस्तावेज में प्रार्थी की उपस्थिति ट्रेनिंग के दौरान भोपाल और बिलासपुर में एक ही दिन दिखाई गई है। दस्तावेज जमा करने की जो तारीख है, वह रविवार है। इस मामले में प्रार्थी से स्पष्टीकरण मांगा गया है और तब तक के लिए पंजीयन होल्ड किया गया है।*

# राज्योत्सव में शिल्पग्राम, लुभा रहा काष्ठकला बेलमेटल, माटीकला और टेराकोटा का संगम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ रजत जयंती के अवसर पर नवा रायपुर में भव्य राज्योत्सव के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे हैं। राज्योत्सव परिसर में निर्मित शिल्पग्राम लोगों के आकर्षण का केंद्र है और आगंतुक यहां विभिन्न स्टॉलों से मनपसंद चीजों की खरीदारी कर रहे हैं। यहां प्रदेशभर से आए बुनकर और शिल्पकार अपने श्रेष्ठ उत्पादों का प्रदर्शन एवं विक्रय कर रहे हैं, जिनमें कोसा और रेशमी साड़ियां, पारंपरिक ड्रेस मटेरियल, खादी परिधान, बेलमेटल, काष्ठकला, माटीकला और टेराकोटा की आकर्षक वस्तुएं आगंतुकों को खूब लुभा रही हैं। महोत्सव में स्थापित शिल्पग्राम प्रदेश की समृद्ध कला, संस्कृति और शिल्पकला का केंद्रबिंदु बना हुआ है। यहां हस्तशिल्प, माटीकला, खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, रेशम प्रभाग, बिलासा हैंडलूम, हथकरघा इत्यादि के स्टाल लगाए गए हैं। साथ ही राज्योत्सव घूमने आए लोगों के लिए विशेष सजावट कर रंगबिरंगे और छत्तीसगढ़ के पारंपरिक आभूषणों, पर्वों के प्रतीकों पर आधारित सेल्फी पॉइंट भी बनाए गए हैं, जहां सेल्फी लेने की होड़ मची है।

- आगंतुकों को खूब लुभा रही कोसा और रेशमी साड़ियां, खादी परिधान
- प्रदेशभर से आए बुनकर-शिल्पकारों के स्टाल पर उमड़ रही भीड़







### रेशम कीट और तितली की अनोखी कलाकृति

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा दिए गए इस मंच ने स्थानीय कला, हस्तशिल्प और उत्पादों को नई पहचान देने के साथ ही बाजार उपलब्ध कराया है। शिल्पग्राम में स्थापित रेशम कीट और तितली कोकून की अनोखी कलाकृति भी लोगों के बीच रुचि का विषय है। शिल्पग्राम इस बार रजत जयंती महोत्सव की शोभा बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत का भव्य उत्सव बना हुआ है और लोगों को प्रदेश की लोककला, हस्तकला और परंपराओं का अद्भुत अनुभव प्रदान कर रहा है।

### शिल्पियों को हो रही बेहतर आय

यहां बिचौलियों के अभाव में ग्राहकों को उचित मूल्य पर उत्पाद सुलभ हो रहे हैं, वहीं शिल्पियों को भी बेहतर आय हो रही है। कुछ दुकानों में अच्छे उत्पाद बाजार से कम मूल्य पर भी उपलब्ध हैं। ग्राहकों को शिल्पकारों और बुनकरों द्वारा उत्पादों में छूट भी दी जा रही है।

# धर्म परिवर्तन कराने के विवाद पर दो पक्ष भिड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

धर्म परिवर्तन कराए जाने के आरोप के बाद हुए विवाद को लेकर कोटा स्थित भवनी नगर में सुबह 8 बजे के करीब दो पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। दोनों पक्षों की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। हिंदू संगठन से जुड़े लोगों ने आरोप लगाया है कि प्रार्थना सभा की आड़ में एक पक्ष आर्थिक रूप से कमजोर हिंदू परिवारों को पैसों का प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा रहा है। दूसरे पक्ष के लोगों ने हिंदू संगठन के सदस्यों पर आरोप लगाया कि उनकी प्रार्थना सभा में जानबूझकर बाधा उत्पन्न कर उनके साथ मारपीट की।

- दोनों पक्षों की शिकायत पर पुलिस ने दर्ज किया मामला
- घटना सरस्वती नगर थाना क्षेत्र के भवानी नगर की

बसंती बाघ ने कन्हैया साहू तथा अन्य 30-40 लोगों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई है। बसंती ने पुलिस को बताया कि वह संत थॉमस संस्था के हॉल में आयोजित प्रार्थना सभा में परिवार के साथ शामिल होने के लिए गई थी। इस दौरान कन्हैया तथा अन्य लोग मौके पर पहुंचे और उन पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए उनके लोगों के साथ मारपीट की। साथ ही प्रार्थना हॉल में ताला बंद करने की कोशिश की। दूसरे पक्ष की ओर से सीनियर सिटीजन गोविंद तिवारी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ थाने में उनके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है।



### *थाना परिसर में भिड़े दोनों पक्ष*

*प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण को लेकर हंगामे के बीच मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने की कोशिश की। दोनों पक्षों के बीच विवाद शांत नहीं होने पर पुलिस एक पक्ष से जुड़े लोगों को अपने साथ थाने लेकर पहुंची। दूसरा पक्ष भी पुलिस के पीछे-पीछे थाने पहुंच गया। थाना परिसर में भी दोनों पक्ष एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते रहे। इस दौरान दोनों पक्ष थाना परिसर में एक-दूसरे के साथ उलझ गए और मारपीट की। मशक्कत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया।*

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# बैज के उठाए सवाल, कहा- सरकार बताए नक्सलियों से क्या गोपनीय शांति वार्ता हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा नक्सल मामले में कांग्रेस पर लगाए आरोपों पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश में सबसे ज्यादा समय तक भाजपा की सरकार थी। भाजपा सरकार के 15 सालों में नक्सलवाद बस्तर की तीन ब्लॉक से निकलकर प्रदेश के 14 जिलों तक पहुंचा। कांग्रेस की सरकार के पांच साल में नक्सलवाद बस्तर के 40 किमी के दायरे में सिमट गया। 2022 में खुद मोदी सरकार ने गृह मंत्रालय ने इस बात को स्वीकारा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद घटनाओं में 80 प्रतिशत की कमी आई है। देश के प्रधानमंत्री नक्सलवाद जैसे विषय पर स्तरहीन राजनीति कर रहे हैं।



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार द्वारा नक्सलियों के समर्पण कराए जाने पर सवाल पूछा कि सरकार बताए, समर्पण के पहले नक्सलियों और सरकार के बीच क्या शांति वार्ता हुई? बस्तर में जब 200 नक्सलियों ने समर्पण किया, उस समय दंतेश्वरी एयरपोर्ट पर डेढ़ घंटे तक मुख्यमंत्री और दोनों उपमुख्यमंत्री बंद कमरे में बैठे रहे, लेकिन सरेंडर स्थल पर क्यों नहीं गए? सरेंडर के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस करके वापस आ गए। मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री सरेंडर कराने जाने से क्यों हिचक रहे थे, जबकि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री ने तो बकायदा नक्सलियों से हथियार हाथ में वापस लेकर सरेंडर कराया था। ऑपरेशन बंद करके झीरम-2 करने की साजिश तो नहीं रची जा रही?

### कांग्रेस विकास नहीं ला पाई : कश्यप

छत्तीसगढ़ के वन और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप ने कहा, केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से आज प्रदेश विकसित छत्तीसगढ़ बनने की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। भ्रष्टाचार व राजनीति का अपराधीकरण करने और नक्सलियों से भाईचारा निभाने में मशगूल कांग्रेस विकास का यह विजन कभी ला ही नहीं सकी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक वृक्ष लगाने पर तंज कसने और हसदेव-तमनार में वृक्षों की कटाई पर विलाप करने पर कहा, बैज की भूलने की बीमारी अब एक बहुचर्चित फिल्म के नायक जैसी हो चली है। बैज कम-से-कम इतना तो याद रखें कि हसदेव-तमनार में जो पेड़ कट रहे हैं, उन खदानों की लीज कांग्रेस की भूपेश सरकार ने ही दी थी।



स्वामी जी-93406-38884
ज्योतिर्लिंग
16 दिसंबर 2025
11 दिन की यात्रा
By Train-रिजर्वेशन कोच
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री भेंट द्वारिका, सोमनाथ, नागेश्वर, ओमकालेश्वर, महाकालेश्वर, एलोरा गुफा, भीमाशंकर, घृष्णेश्वर, ममलेश्वर, रूखमणि मंदिर, गोपी तालाब, त्रयम्बकेश्वर, शिरडी सांई बाबा, शनि सिंघ्नापुर, नाशिक, पंचवटी, हनुमान जन्म स्थल
राशिः स्लीपर-18501/- ऑफर 16,501/-, 3AC-28,501/-ऑफर 26,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



लाइव इवेंट

## केबीसी में शहर के संस्कार वैद्य ने जीते साढ़े सात लाख रुपए






**रायपुर।** शहर के अवंती विहार आकाश नगर निवासी संस्कार वैद्य ने कौन बनेगा करोड़पति टीवी शो में हिस्सा लेकर साढ़े सात लाख रुपए की राशि जीत ली है। केबीसी सीजन-17 के लिए संस्कार वैद्य ने फास्ट फिंगर फर्स्ट से हाट सीट पर जगह बनाने में कामयाब रहे। सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के सामने हाट सीट पर बैठकर खेलते हुए उन्होंने 750000 रुपए जीतने में कामयाब रहे। बता दें कि संस्कार वैद्य वर्तमान में गाने लिखकर उसकी कम्पोजिंग का कार्य करते हैं। इन्होंने एनआईटी रायपुर से बीई की डिग्री हासिल की है।

### आज होगा प्रसारण

संस्कार वैद्य के परिजनों ने जानकारी देते हुए कहा कि यह शहरवासियों के लिए गर्व की बात है कि उनके बीच का रहने वाला युवा मोस्ट पापुलर टीवी शो प्रोग्राम कौन बनेगा करोड़पति सीजन-17 में सदी के महानायक के द्वारा कंप्यूटर स्क्रीन के माध्यम से पूछे जाने वाले सवालों के जवाब दिए और इनामी राशि जीत कर लौटे हैं। संस्कार वैद्य को हाट सीट पर खेलते 3 नवंबर यानी आज होने वाले केबीसी के एपीसोड के सीधा प्रसारण में सोनी टीवी पर देख सकेंगे। संस्कार वैद्य को हॉट सीट पर खेलते देखने के लिए उनके परिजन व शहरवासी काफी उत्साहित हैं।

सिटी इवेंट

## 'मेक मी टैगोर, मदर' का एकल मंचन, दर्शकों को बनाया पात्र



**रायपुर।** शहर में महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी महाराज सभागृह में मंचित एकल नाटक 'मेक मी टैगोर, मदर' (मां मुझे टैगोर बना दे) ने दर्शकों को प्रभावित किया। जम्मू से आए रंगकर्मी लकी गुप्ता के एकल अभिनय ने 'मेक मी....'से बच्चों को शिक्षा के प्रति सजग किया। रंगभूमि के संरक्षक रंजन मोड़क कहते हैं कि एक कलाकार की ओर से एक नाटक के माध्यम से कला को प्रदर्शित करने के लिए दुनिया में अनोखी और अद्भुत यात्रा है 'मेक मी टैगोर, मदर'। महाराष्ट्र मंडल में इसके 1731वें मंचन के दौरान लकी ने अग्रिम पंक्ति में बैठी स्वाति मोड़क को अपने नाटक में शामिल करते हुए मां की भूमिका सौंपी, जिसे उन्होंने निभाते हुए दर्शकों से तालियां बटोरी। मुख्य किरदार निभाते हुए लकी ने कहा कि जहां भी अपना यह एकल नाटक मंचित करता हूं, वहां दर्शकों के बीच से ही नाटक के अन्य पात्र चुनता हूं।



### आज संत ज्ञानेश्वर स्कूल में होगा मंचन

ऐसा करके दर्शकों को भी नाटक में पात्र बनने का अवसर देते हुए नाट्य मंचन के साथ न्याय करते हैं। एक गरीब बच्चे की शिक्षा को लेकर संघर्ष की कहानी कहता यह नाटक जरूरी नहीं कि निम्न आयु वर्ग के परिवार और बच्चों को प्रभावित करें, बल्कि हर आयु वर्ग और परिवारों के बच्चों को इसमें मनोरंजन के साथ सीखने को मिलता है। संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी परितोष डोनगांवकर ने बताया कि इस नाटक का 1732वां मंचन स्कूल में सोमवार को बच्चों के बीच किया जाएगा। इसके माध्यम से बच्चे महसूस करेंगे कि उनकी शिक्षा के लिए अभिभावक क्या कुछ नहीं करते और वे इसके लिए कृतज्ञता भी व्यक्त नहीं कर पाते। ऐसे ही ताने-बाने से हर वर्ग के लोग जुड़ेंगे।

● रात 1 बजे तक स्टॉलों में खरीदारी का उत्साह, छत्तीसगढ़ी व्यंजनों और सजावटी सामानों ने लुभाया

# रामजी की चाल देखो.., 90 के दशक के सुपरहिट गानों से आदित्य ने जीता रायपुरियंस का दिल






राज्योत्सव के दूसरे दिन बॉलीवुड सिंगर आदित्य नारायण ने अपनी दिलकश आवाज़ और शानदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का दिल जीत लिया। रात 9 बजे जैसे ही उन्होंने मंच संभाला तो शुरुआत अपने पॉपुलर सॉन्ग राम जी चाल देखो... से की, और फिर एक के बाद एक हिट गानों की झड़ी लगा दी। कभी न कभी तो मिलोगे..., सुनो गौर से दुनिया वालों..., अकेले हम, अकेले तुम..., पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा... और मैं निकला गड्डी लेकर..., जैसे गानों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। करीब दो घंटे तक चली इस लाइव प्रस्तुति में आदित्य ने रोमांटिक से लेकर जोश भर देने वाले गीतों से माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। उनकी परफॉर्मेंस ने न सिर्फ युवाओं, बल्कि हर उम्र के श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**रायपुर।** आदित्य नारायण ने अपने हिट सॉन्ग्स के साथ-साथ अपने पिता और दिग्गज गायक उदित नारायण के 90 के दशक के सुपरहिट गानों को भी अपनी आवाज़ में पेश किया। जब उन्होंने इन क्लासिक गानों को अपने अंदाज़ में गाया तो हर प्रस्तुति के बाद तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। फरमाइशी गीतों पर भी उन्होंने पूरे जोश के साथ परफॉर्म किया। उत्साह से भरे गानों पर दर्शक खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए और कार्यक्रम पूरी तरह यादगार बन गया।

### बारहमासी गीतों ने बांधा समां, लोक रंग में रंगे दर्शक



राज्योत्सव के मंच पर शाम 7 बजे लोक कलाकार सुनील तिवारी ने अपनी टीम के साथ जब प्रस्तुति दी तो माहौल छत्तीसगढ़ी लोक रंग में डूब गया। एक घंटे तक चली प्रस्तुति में उन्होंने दीपावली, तीजा -पोरा, गौरा-गौरी, नवरात्रि सहित छत्तीसगढ़ के प्रमुख त्योहारों पर आधारित बारहमासी गीतों की प्रस्तुति दी, जिसे सुनकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। खास बात यह रही कि कलाकार ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम पर दोहे गाकर समां बांध दिया, जिस पर दर्शक तालियां बजाते रह गए। लोक संस्कृति और परंपराओं से सजी यह प्रस्तुति राज्योत्सव की खास झलक बनी।

### सवाल-जवाब में जीत रहे इनाम

राज्योत्सव में विभिन्न विभागों की लगाई गई प्रदर्शनियों से लोगों को कई महत्वपूर्ण और उपयोगी जानकारियां मिल रही हैं। यहां आने वाले लोगों को लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया, सोलर ऊर्जा के लाभ, कानून व्यवस्था की जानकारी और किसानों के लिए नए जैविक खाद व तकनीक के बारे में विस्तार से बताया जा रहा है। ऊर्जा विभाग की ओर से जानकारी को रोचक बनाने के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें सही उत्तर देने वालों को इनाम दिए जा रहे हैं।





### लोक संस्कृति की बिखेरी छटा

राज्योत्सव के दूसरे दिन रात 8 बजे पद्मश्री डोमार सिंह के नेतृत्व में कंवर नाचा दल ने मंच पर जब पारंपरिक नाचा की प्रस्तुति दी तो माहौल छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति में रंग गया। पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन और लोकभाव से जुड़ी नाचा की प्रस्तुति ने दर्शकों को लोक संस्कृति से जोड़ दिया। इसके बाद युवतियों के सिंगिंग बैंड चिन्हारी ने छत्तीसगढ़ी गीतों को नए अंदाज़ में लाइव प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।



### देर रात तक स्टॉलों में रही रौनक

राज्योत्सव के दौरान देर रात तक स्टॉलों में लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। रात 1 बजे तक लोग खरीदारी में जुटे रहे। खासकर हथकरघा की साड़ियां, पारंपरिक कपड़े, लकड़ी की कलाकृतियां और घर की सजावटी वस्तुएं लोगों को खासा लुभा रही थीं। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ी पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद लेने भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। फरा, चीला, ठेठरी-खुरमी जैसे देसी स्वाद के स्टॉलों में लंबी कतारें देखने को मिलीं। राज्योत्सव की रौनक ने इसे सिर्फ सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जीवंत लोक मेले में तब्दील कर दिया।

### हरिभूमि से सिंगर आदित्य नारायण ने की खास बातचीत



राज्योत्सव में प्रस्तुति से पहले रविवार को सिंगर आदित्य नारायण ने हरिभूमि से खास बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपने अनुभव साझा किए और कॉन्ट्रोवर्सी, आने वाले प्रोजेक्ट्स, सिंगिंग व एक्टिंग कॅरियर पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि अपनी सफलता का पूरा श्रेय वे मेहनत को देते हैं। एआई हमारी मदद के लिए है। सिंगिग के क्षेत्र में एआई के गाने वह फील नहीं दे पाएंगे तो राइटर जब उसके भावों के साथ उसे लिखता है।

**- अक्सर सिंगर्स जब फिल्मों में एक्टिंग करते हैं तो फिल्में ज्यादा नहीं चल पातीं, ऐसा क्यों?**

आदित्य नारायण ने कहा, सिंगिंग और एक्टिंग दोनों अलग-अलग क्षेत्र हैं। फिल्मों में अभिनय करना आसान नहीं होता, इसमें समय और परिपक्वता दोनों की जरूरत होती है। आज के समय में केवल बॉडी बनाकर कोई अच्छा एक्टर नहीं बन सकता। जब आप पूरी तैयारी और समझ के साथ अभिनय में आते हैं, तभी सफलता मिलती है। मैं भी इस दिशा में प्रयासरत हूं। किशोर दा इसका बेहतरीन उदाहरण हैं।

**- आप छत्तीसगढ़ की तारीफ कर रहे हैं, क्या यहां शूटिंग की योजना है?**

मुझे यहां की जगहें बेहद पसंद आई हैं। आने वाले एक साल के भीतर मैं छत्तीसगढ़ में अपने गाने की शूटिंग करने का प्लान बना रहा हूं। राज्य के संस्कृति विभाग और प्रशासन से इसको लेकर सकारात्मक बातचीत हुई है। यहां के लोकेशंस शानदार हैं।

- आप अक्सर कॉन्ट्रोवर्सी में रहते हैं, इसकी वजह?

आदित्य ने मुस्कुराते हुए कहा, गलती इंसान से ही होती है। मुझसे भी हुई है, लेकिन उन्हीं गलतियों से सीखकर आगे बढ़ रहा हूं। कोशिश यही रहती है कि हर अनुभव से कुछ नया सीखा जाए। 20 साल में दो कॉन्ट्रोवर्सी हुई हैं।

**- आप सिंगर, होस्ट और एक्टर हैं। इनमें खुद को कहां सबसे फिट मानते हैं?**

मैं मूल रूप से सिंगर हूं और मेरी पहचान संगीत से ही है। टीवी होस्टिंग और एक्टिंग की तुलना में सिंगिंग मुझे ज्यादा सुकून देती है। जब लोग मेरी आवाज को महसूस करते हैं तो वही असली खुशी होती है।

**क्या सिंगिंग में पिता की वजह से आपको एडवांटेज मिला?**

मेरे पिता एक छोटे गांव से हैं और उन्होंने अपने संघर्ष से खुद को स्थापित किया। उनकी मेहनत और नाम की वजह से मुझे जरूर एक शुरुआत में फायदा मिला, लेकिन आगे का रास्ता अपनी मेहनत से तय किया है।

कार्तिक मास की पूर्णिमा तिथि से शुरू होगा तीन दिवसीय मेला, उत्सव के लिए मेला स्थल में तैयारी तेज

# पहली बार पुन्नी मेला में डराएगा रोबोटिक भूत बंगला डबल डिस्क और आकाशीय झूले का घेरा 26 फीट

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** खारून तट पर स्थित हाटकेश्वर नाथ महादेव के श्रीधाम में लगने वाले पुन्नी मेला की तैयारी सप्ताहभर से चल रही है। वहीं, इस बार घूमने के लिए पहुंचने वाले लोगों के लिए मॉल की तर्ज पर रोबोटिक भूत बंगला डराएगा। कई तरह के प्रेत आत्माओं की आवाज सुनकर बच्चे ही नहीं, बड़े भी डरेंगे। इतना ही नहीं, शोएब अहमद और आकाश साहू ने मिलकर इस बार 5 से 7 नवंबर तक चलने वाले मेला उत्सव में पहुंचने वाले लोगों को झूले का आनंद दोगुना करने के लिए 14 की जगह 26 फीट के आकाशीय झूले के साथ ही बड़ी नाव का लुत्फ उठाने का अवसर देने वाले हैं। उन्होंने बताया कि इसके लिए सात दिनों से तैयारी जारी है। इस काम को पूरा करने के लिए 20 टेक्निकल स्टाफ और कर्मचारी काम कर रहे हैं।

### ड्रैगन ट्रेन और टॉवर झूले के लिए बनाया अलग जोन

हर साल की तरह इस बार भी बच्चों के साथ ही हर वर्ग के लिए अलग-अलग तरह के झूलों का लोग लुत्फ उठा सकें, इसके लिए अलग से झूला जोन भी तैयार किया गया है। दानिश ने बताया, विगत 18 साल से पुन्नी मेले में झूले के लिए अलग जोन तैयार करता आ रहा हूं। इस बार टॉवर झूला, टोराटोरा, नाव झूला, ब्रेक डांस झूला के साथ ही चांद-तारा झूले का भी लोग लुत्फ उठा सकेंगे। ड्रैगन ट्रेन भी इस बार लोगों के लिए तैयार किया गया है। लोगों की सुरक्षा के लिहाज से एक्सपर्ट की टीम भी झूला जोन में मुस्तैद रहेगी। जो समय-समय पर तकनीकी दिक्कत न आए, इसलिए जांच भी करेगी।





### श्रद्धालुओं के लिए ब्रम्ह मुहूर्त में खुलेगा मंदिर का पट

मंदिर के महंत सुरेश गिरी गोस्वामी ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के लिए सारी तैयारी हो चुकी है। चार नवंबर की रात तीन बजे मंत्रोच्चार के साथ महादेव को स्नान कराते हुए उन्हें वस्त्र अर्पित किया जाता है। फूलों से विशेष श्रृंगार करते हुए मंजिरी अर्पित की जाएगी। इसके बाद भक्तों के लिए मंदिर का पट ब्रम्ह मुहूर्त यानी 4 बजे खोला जाएगा। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए हर साल की तरह इस बार भी जल अर्पित करने के लिए अरघा लगाया जाएगा, ताकि आने वाले भक्तों को भीड़ से बचाते हुए व्यवस्था बनाई जा सके। महादेव घाट में कार्तिक पूर्णिमा के दूसरे दिन बूढ़ा पूर्णिमा पर विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। मुख्य मेला दो दिन का होता है। दूर-दूराज से आने वाले लोग तीसरे दिन भी धार्मिक माहौल में मेला का हिस्सा बनते हैं, इसलिए मेला तीन दिन चलता है।

### मनिहारी सामानों के साथ ही बच्चों के लिए खिलौने

स्नान घाट की साफ-सफाई भी श्री महादेव घाट संरक्षण एवं विकास समिति द्वारा करवाई गई है। इसके आसपास ही फूलों एवं पूजा सामग्री की दुकान सजाने के लिए जगह तय की गई है, ताकि स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं को पूजा सामग्री एक ही जगह मिल सके। इसके बाद मंदिर में उन्हें हाटकेश्वर नाथ का दर्शन लाभ मिलेगा। सुविधा देने के लिए भी पुख्ता इंतजाम किया है। लोगों की सुविधा के लिए वॉलंटियर्स भी सहयोग के लिए मौजूद रहेंगे। इसके लिए मंदिर के संत-महंतों ने भी अलग-अलग लोगों की जिम्मेदारी तय की है। दुर्ग, पाटन, अमलेश्वर, रायपुरा के सैकड़ों छोटे-बड़े दुकानदारों ने स्टॉल सजाने के साथ व्यवसाय के लिए खान-पान की सामग्री भी सजाई है।

## सिटी लाइव

# भारत की एकता-अखंडता को बनाए रखने की शपथ, रंगोली और पोस्टर प्रेजेंटेशन भी



रायपुर। स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय में सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती और एकता दिवस के अवसर पर जातिगत भेदभाव निवारण समिति तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में शपथ ग्रहण, रैली, रंगोली तथा पोस्टर प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं राष्ट्रीय कैडेट कोर के विद्यार्थियों एवं प्रभारी गोल्डी सिंह राजपूत और संयुक्ता पाढ़ी खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित पद यात्रा में भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया एवं भारत की एकता व अखंडता को बनाए रखने की शपथ ली। इस दौरान सरदार पटेल के सपनों के भारत के निर्माण का संकल्प लेकर जागरुरता रैली निकाली जिसमें एक भारत श्रेष्ठ भारत, सरदार पटेल का एक ही सपना,अखंड भारत हो अपना, तथा अनेकता में एकता के नारे लगाए।

### प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में कला और एकता का भाव

कार्यक्रम की संयोजक महाविद्यालय की उपप्राचार्या डॉ. अजरा हुसैन ने कहा कि ऐसे आयोजन से विद्यार्थियों के अंदर कलात्मक प्रतिभा का विकास होता है सात ही दिए गए शीर्षक से अनेकता में एकता जैसी भावना का भी विकास होती है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए कहा कि थीम बेस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों की आंतरिक कला तथा एकता के भाव से कार्य करने की प्रवृत्ति का विकास होता है। कार्यक्रम में जातिगत भेदभाव निवारण समिति से मोनिका मेश्राम, तोशन चंद्राकर और यशपाल का सहयोग रहा।

## कैंपस लाइव

# छुट्टियों में स्कूली बच्चों ने सीखा सॉफ्ट स्किल, मिले प्रमाण पत्र



रायपुर। सैय्यदी मदरसा एकता नगर में दशहरा-दीपावली की स्कूली छुट्टियों के दौरान अनूठी पहल की गई। यहां बच्चों के लिए सॉफ्ट स्किल ट्रेनिंग और करियर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस दौरान बच्चों को इफेक्टिव कम्युनिकेशन, टीमवर्क, क्रिएटिविटी, लीडरशिप, टाइम मैनेजमेंट और क्रिटिकल थिंकिंग पर एडवांस ट्रेनिंग दी गई और विभिन्न गतिविधियों के जरिए बच्चों को व्यवहारिक तौर पर इन विषयों को समझाया गया। मदरसा संचालन समिति की ओर से मोहम्मद उमर सिराजी ने बताया कि प्रशिक्षण पूरा करने वाले सभी बच्चों को समापन पर सर्टिफिकेट प्रदान किया गया। इसके पहले मदरसे में प्रशिक्षण देते हुए रुमैशा अहमद ने बच्चों को बताया कि सॉफ्ट स्किल का तात्पर्य उन गुणों और योग्यताओं से है जो बताते हैं कि कोई व्यक्ति काम और व्यक्तिगत जीवन में दूसरों के साथ कैसे बातचीत करता है और चुनौतियों से निपटता है। यह तकनीकी या व्यावसायिक कौशल जैसे हार्ड स्किल्स से अलग होते हैं। इसी तरह मोहम्मद सोहेल सिराजी ने यहां बच्चों की करियर काउंसलिंग की। जिसमें उन्हें भविष्य के अवसरों की तैयारी के लिए विशेष जानकारी दी गई। मौलाना साबिर रजा ने बच्चों को उर्दू-हिंदी में भाषण देने का कौशल सिखाया। जिसमें उन्होंने विषय का चयन, मंच पर बोलने का आत्मविश्वास और सही उच्चारण पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण सत्र के समापन पर बच्चों को प्रमाण पत्र दिए गए।

## इवेंट लाइव

# फाउंडर्स कनेक्ट, शहर में स्टार्टअप इकोसिस्टम को गति देने की नई पहल

रायपुर। शहर के कुर्सी को-वर्किंग स्पेस द्वारा 16 नवंबर को फाउंडर्स कनेक्ट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में जयपुर, सूरत और रायपुर से अनुभवी उद्यमियों को आमंत्रित किया जाने वाला है। इसका उद्देश्य प्रदेश के युवाओं और स्टार्टअप उत्साही लोगों को एक मंच साझा करना है। यह पहल स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने और उद्यमिता की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए की जा रही है। कार्यक्रम में विभिन्न शहरों के सफल स्टार्टअप संस्थापक अपने अनुभव, विचार और यात्रा साझा करेंगे। मुख्य वक्ताओं में सुमित श्रीवास्तव ( फाउंडर, स्टार्टअप चौपाल ), गौरव शर्मा (फाउंडर,गेट गैप) और सीए अजीत भंसाली ( फाउंडर, वेबलेजर) मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

### जयपुर, सूरत से उद्यमी होंगे शामिल

रविवार को आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम में अनुभवी उद्यमी युवा प्रतिभाओं को प्रेरित करेंगे और उन्हें अपने व्यावसायिक विचारों को व्यावहारिक रूप में बदलने की रणनीति बताएंगे। कार्यक्रम के सह-संस्थापक डॉ. डोमेंद्र सिंह गंजीर ने कहा, फाउंडर्स कनेक्ट केवल एक आयोजन नहीं है, बल्कि शहरों में स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देने का प्रयास है। युवा अब अपने विचारों को साकार करने के लिए सक्रिय रूप से आगे बढ़ रहे हैं और ऐसे मंच उन्हें मार्गदर्शन और नेटवर्किंग का अवसर प्रदान करते हैं।

● प्रकाश पर्व से पहले राजधानी में गुरुपथ पर संगत ने लगाया झाड़ू और बिछाए फूल, नगर कीर्तन में छलका उत्साह

# आंखों पर पट्टी बांधकर युवक के इर्द-गिर्द रखे नारियल पर हथौड़ा चलाते देख थमी सांसें, शौर्य देखने थमे पहिए

'एक से बढ़कर एक हैरतअंगेज स्टंट शहर के लोगों ने आस्था के साथ निकाले गए नगर कीर्तन शोभायात्रा में देखा। स्टेशन रोड गुरुद्वारे से तेलीबांधा गुरुद्वारा तक निकाले गए भव्य नगर कीर्तन के बीच जगह-जगह शौर्य प्रदर्शन देखने भीड़ उमड़ी। एक युवक के इर्द-गिर्द रखे नारियल पर हथौड़े से वार करके तोड़ते हुए शौर्य का अनूठा प्रदर्शन युवाओं ने किया। आंख पर पट्टी बांधकर हाथ में लिए हथौड़े से दना-दन वार करते हुए देख लोगों की धड़कन भी कुछ पल के लिए तेज हुई। ऐसे कई स्टंट के साक्षी रविवार को शहर के हजारों लोग प्रकाश पर्व से पहले निकाले गए भव्य नगर कीर्तन यात्रा में बने। गुरुपथ पर संगत ने झाड़ू लगाते हुए फूल बिछाए।'

रायपुर। सिख धर्म के प्रथम गुरु श्री गुरुनानक देवजी के पावन प्रकाश पर्व से पहले रविवार को राजधानी में भव्य नगर कीर्तन परंपरा के तहत निकाला गया। श्री गुरुग्रंथ साहेब की छत्रछाया और पंज प्यारों की अगुवाई में खालसाई शान के साथ नगर कीर्तन में सिख संगत भी सेवा देते नजर आई। इससे पहले गुरुद्वारा स्टेशन रोड में नगर कीर्तन की तैयारी सुबह 10 बजे से शुरू हो गई थी। तीन बजे खालसाई शान से निकाली गई भव्य कीर्तन यात्रा में इस बार कई आकर्षक दृश्य नजर आए। जगह-जगह सेवा दल ने स्टॉल लगाकर सेवा देते हुए स्वागत किया। स्टेशन रोड से पंज प्यारों की अगुवाई में शुरू हुआ नगर कीर्तन शहर के कई प्रमुख मार्गों से आगे बढ़ा। इसमें शामिल संगत संजय गांधी चौक, गुरुनानक चौक, शारदा चौक, जयस्तंभ चौक, शास्त्री चौक से होते हुए गौरव पथ पर खालसाई शान से निकली। रात साढ़े 8 बजे श्याम नगर गुरुद्वारा पहुंचने के बाद विधि-विधान से नगर कीर्तन यात्रा का समापन किया गया।



### गाड़ी में सजाया शौर्य प्रदर्शन का साजो-सामान

खालसा गतका अखाड़ा दल ने कीर्तन यात्रा के दौरान स्टेशन रोड से गुरुनानक चौक के बीच दल के गुरदीत सिंह एवं 20 साथियों सहित रास्तेभर हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन किया। जयस्तंभ से शास्त्री चौक के बीच इनकी टोली गतका के अलावा तलवारबाजी का प्रदर्शन किया, जिसे देखकर एक समय के लिए लोगों को ऐसा लगा मानो वे आपस में लड़ रहे हैं। इस तरह का नजारा रास्ते में कई जगह देखने को मिला।



### पंज प्यारों का स्वागत पालकी पर पुष्पवर्षा

गुरुग्रथ साहेब की पालकी पर रास्ते में जगह-जगह श्रद्धापूर्वक फूलों की वर्षा शबद कीर्तन करते हुए की गई। यातायात बाधित न होने पाए, इसके लिए प्रशासन द्वारा तैनात सिपाहियों के अलावा समाज के वालंटियर भी सेवा दे रहे थे। स्टेशन रोड स्थित एक होटल के पास इस बार भी गुरुचरण सिंह होरा एवं उनकी पत्नी कुलदीप कौर होरा, तरणजीत सिंह होरा ने पंच प्यारों को माला पहनाकर स्वागत किया।





### जगह-जगह संगठनों ने सजाया मंच, की अगुवाई

नगर कीर्तन का स्वागत शहर में जगह-जगह किया गया। स्वागत करने के लिए छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कामर्स के अमर परवानी, सुरेंदर सिंह, लवली विग परिवार, छत्तीसगढ़ सनातन सभा, वंदना परिवार, अवतार बागल, मंजु ममता, जयस्तंभ चौक के पास गुरुमुख सिंह होरा, बाम्बे मार्केट व्यापारी संघ, रजबंधा मैदान के पास मुस्लिम समाज के फैजल रिजवी, खालसा शिक्षण समिति, दशमेश सेवा सोसायटी, महेन्द्रा परिवार सहित सैकड़ों लोगों ने स्वागत करके पंज प्यारों से आशीर्वाद लिया। इसमें महेन्द्र सिंह छाबड़ा, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा प्रमुख रूप से शामिल हुए। नगर कीर्तन में छत्तीसगढ़ सिख काउंसिल द्वारा तैयार की गई 'गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब' की ऐतिहासिक झांकी आकर्षण का केंद्र रही। झांकी में गुरुनानक देव की उन उदासियों (यात्राओं) से जुड़े प्रसंग का जीवंत चित्रण किया गया, जब वे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एटक जिले के हसन अब्दाल (वर्तमान गुरुद्वारा श्री पंजा साहिब) पहुंचे थे। इस प्रसंग से जुड़ी जानकारी को जिस लॉरी पर झांकी को सजाया गया था, उसके दो तरफ बैनर पर अंकित किया गया, ताकि सिख युवाओं के साथ ही आमजन भी गुरुनानक देवजी के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकें।

# दीपावली मिलन समारोह में सांस्कृतिक नृत्य और कविताओं में दिखा छत्तीसगढ़ी झलक

रायपुर। वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन छत्तीसगढ़ एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद द्वारा दीपावली मिलन समारोह एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन सिविल लाइन स्थित वृंदावन हॉल में किया गया। कार्यक्रम में समाज के सौ से अधिक सदस्यों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस खास अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने युवा पीढ़ी को त्योहार की महत्वता और छत्तीसगढ़ी संस्कृति की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी नजर आईं, जिसने सांस्कृतिक माहौल को और भी आकर्षक बना दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर त्योहारों के महत्व और सांस्कृतिक विरासत के प्रति जागरूक करना बताया गया।

### बचपन की यादों को कविता में पिरोया

देर शाम तक आयोजित दीपावली मिलन समारोह में सामाजिक कुरीतियों, प्रेम में विरह, छत्तीसगढ़ के तीज-त्योहार, परिवार और बचपन जैसे विषयों पर कविता प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर सुमन बाजपेयी, सीमा पांडे, सुनिल पांडे, डॉ. अर्चना पाठक, रश्मि मिश्रा, शकुंतला तिवारी ने श्रृंगार, हास्य, करुणा, वीर और शांत रस में स्व-रचित कविताओं की प्रस्तुति दी। इस दौरान प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद ओझा, महिला अध्यक्ष नमिता शर्मा, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा ने कार्यक्रम का मार्गदर्शन किया।

### नृत्य नाटिक में पारिवारिक समस्याओं पर जोर



कार्यक्रम के दौरान डॉ. आदित्य शुक्ला ने रामायण के प्रमुख पात्रों पर प्रकाश डालते हुए भगवान हनुमान की वीरता और राम-सीता द्वारा रावण पर विजय प्राप्त करने की रणनीतियों के बारे में दर्शकों को जानकारी दी। उनके व्याख्यान ने धार्मिक और नैतिक दृष्टिकोण से उपस्थित जनसमूह को बहुत प्रभावित किया। इस अवसर पर महिला समूह ने लगभग 5 मिनट की नृत्य-नाटिका प्रस्तुत दी। नाटिका में वर्तमान में परिवारों में सास-बहू के बीच उत्पन्न होने वाले मतभेद को दर्शाया गया। नाटक के पात्रों ने कहा कि यह समस्या अक्सर अंतरंग समझ की कमी, संवाद की कमी और पारिवारिक रीति-रिवाजों को न समझना जैसी वजहों से उत्पन्न होती है। परिवार में सदस्यों का प्रेम और सहमति, बहू को समझने का प्रयास और विवाह के बाद घर की परंपराओं से परिचित कराना परिवार में सामंजस्य बनाए रखने के लिए जरूरी है।

## कपड़े, मिठाइयां उपहार पाकर खिले बच्चों के चेहरे

ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी मैत्री ट्रस्ट द्वारा घरौंदा आश्रय गृह ( संवेदना मानसिक दिव्यांग सेवा संस्थान ) सुंदर नगर में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। दिव्यांग बच्चियों के साथ ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी मैत्री ट्रस्ट के सदस्यों ने दीपावाली मिलन समारोह धूमधाम से सेलिब्रेट किया। रविवार को दोपहर 2.30 बजे घरौंदा आश्रय गृह में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इसमें ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी मैत्री ट्रस्ट के सदस्यों ने घरौंदा आश्रय गृह के दिव्यांग बच्चों को दीपावली के उपहार दिए। दीपावली के उपहार पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशियां बिखर आई। आश्रय गृह के दिव्यांग बच्चों ने ब्राइट फाउंडेशन एवं रोटरी मैत्री ट्रस्ट के सदस्यों को अपने बीच पाकर भावुक व प्रसन्न दिखे। सदस्यों ने सभी दिव्यांग बच्चों को कपड़े, मिठाइयां उपहार स्वरूप दिए। साथ ही फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने कुछ क्वालिटी समय इन दिव्यांग बच्चों के साथ व्यतीत किया। इस दौरान दिव्यांग



बच्चे व सदस्यों के बीच हंसी-मजाक के साथ कुछ गानों की महफिल भी सजी। दीपावली मिलन समारोह में आश्रम की बच्चों ने सुमधुर स्वरों में गीत प्रस्तुत कर उपस्थित सदस्यों का मन मोह लिया। प्रदीप गोविंद शितूत, अध्यक्ष रायपुर ब्राइट फाउंडेशन एवं बाल समाज बूढ़ापारा ने बताया कि फाउंडेशन व मैत्री ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा शहर में समाज सेवा की भावना से लगातार दिव्यांग बाल आश्रय, सीनियर सिटिजन आश्रय सहित स्कूली छात्र-छात्राओं का आर्थिक सहयोग व सेवा का कार्य कर रही है।

# 200 युवक-युवतियों ने मनपसंद जीवन साथी पाने एक-दूसरे का जाना परिचय



रायपुर। रविवार को रायपुरा चौक स्थित चंद्राकर मंगल भवन में कलार समाज के छत्तीसगढ़ युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन हुआ। इसमें समाज के 200 युवक-युवतियों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में प्रतिभागी युवक-युवती अपने अभिभावकों के साथ आयोजन में उपस्थित हुए। युवक-युवतियों का परिचय 3 चरणों में हुआ। प्रथम चरण में प्रतिभागियों द्वारा संक्षिप्त परिचय दिया गया। द्वितीय चरण में विस्तृत परिचय के साथ उपस्थित उनके अभिभावकों का भी परिचय और विचार लिया गया। अंतिम चरण में प्रश्नोत्तरी के माध्यम से मनोरंजनपूर्वक उनका समाज एवं देश, प्रदेश तथा सामान्य ज्ञान का परिचय हुआ। परिचय सम्मेलन में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को उपहार भी दिया गया। कार्यक्रम में रक्तदान और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता के लिए डॉ. कौशल सिन्हा द्वारा रक्तदाताओं को हेलमेट एवं प्रमाण पत्र दिया गया। परिचय सम्मेलन को पूर्ण रूप से सामाजिक कार्यक्रम के रूप में आयोजित किया गया। सम्मेलन स्थल पर प्रतिभागियों व समाज से पहुंचे लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था भी पर्याप्त रूप से की गई। कार्यक्रम में मुख्य दानदाता महेंद्र कुमार सांडे को मुख्य अतिथि बनाया गया। वहीं, विशेष अतिथि के रूप में प्रांतीय महामंत्री रिखीराम सिन्हा, पूर्व प्रांताध्यक्ष भोजराम डड़सेना, प्रेमलाल सिन्हा, कुंवर सिन्हा, चंद्रिका सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

### समाज में नवाचार का आगाज

*परिचय सम्मेलन समारोह के मुख्य अतिथि महेंद्र कुमार सांडे ने समाज को संदेश दिया कि विवाह में विलंब नहीं होना चाहिए। परिचय सम्मेलन में आयोजकों द्वारा एक साथ 200 युवक-युवतियों को एक मंच पर एकत्रित कर समाज में नवाचार का आगाज किया गया है। सम्मेलन में युवक-युवती के परिचय के अलावा किसी भी प्रकार का दूसरा कार्यक्रम नहीं हुआ। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमारे युवाओं को एक-दूसरे के अनुकूल जीवनसाथी तलाशने में आसानी होगी, जिससे समय और आर्थिक व्यय की बचत होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजक मंडल के प्रमुख सदस्य विकास चंद सिन्हा, अमरकान्त सिन्हा, पुनाराम सिन्हा, डॉ. कौशल सिन्हा, श्री भोलेश डड़सेना ने विशेष योगदान दिया। यह जानकारी छत्तीसगढ़ कलार समाज रायपुर शहर के सचिव डॉ. कौशल सिन्हा ने दी।*

चेंजिंग वेदर में स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वाभाविक

# सर्दियों में बुजुर्ग अधिक ठंड में बाहर जाने से बचें, घर पर हल्का व्यायाम करें, दिल की कोई समस्या है तो फालोअप लें

कार्नर न्यूज

रायपुर। बुजुर्गों का बीपी रेगुलर चेक करें, क्योंकि ठंड के मौसम में बढ़ सकता है। साथ ही लक्षणों पर ध्यान दें। कहीं सीने में दर्द, असामान्य सांस फूलना, थकान या चक्कर आने को कभी भी नज़रअंदाज़ न करें। अगर किसी को हाइपरटेंशन, डायबिटीज या पहले से दिल की कोई समस्या है तो कार्डियोलॉजिस्ट से फॉलो-अप करें। गर्म रहें, अचानक ठंड के संपर्क में आने से बचें। घर पर ही हल्का व्यायाम कर शरीर को वार्म-अप करें। इससे पूरे मौसम 55 से 65 उम्र वाले व्यक्ति खुद को सेहतमंद रख सकते हैं। सर्दी के मौसम में बुजुर्गों के दिल को सेहतमंद बनाए रखने को लेकर यह हेल्थ टिप्स है, मेकाहारा अस्पताल के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. स्मित श्रीवास्तव का। उनका कहना है कि सर्दी का मौमस एक चेंजिंग वेदर होता है, जिसमें बरसात से सीधे शीतकालीन मौसम में हम जाते हैं। ऐसे में एक मौसम से दूसरे मौसम में जाने पर स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ना स्वभाविक होता है। यह प्रभाव कमजोर व उम्रदराज लोगों के स्वास्थ्य पर अधिक पड़ता है। ऐसे में बदलते मौसम के कारण बुजुर्गों के स्वास्थ का केयर करने के लिए जरूरी डॉक्टरी परामर्श पहले से लेना जरूरी है। सर्दियों में बुजुर्गों में होने वाली समस्याओं में सांस लेने व रक्त संचार की तकलीफ बढ़ जाती है। ऐसे में बुजुर्गों के दिल का ख्याल रखना बहुत आवश्यक होता है। सर्दियों के मौसम में बुजुर्ग व उनके परिवार वाले कुछ सामान्य बातों को ध्यान में रखकर पूरी तरह से हेल्दी रहकर ठंड के मौसम का आनंद उठा सकते हैं। विशेषज्ञ डॉक्टर का कहना है कि कपड़े लेयर्स में पहनें। गर्म कपड़े (ऊन या फ्लीस) और हाथ, पैर और सिर को ढकने से ठंड से बचाती है। गर्म कमरे से अचानक बहुत ज़्यादा ठंड में बाहर जाने से बचें। शरीर को एडजस्ट होने का समय दें।

**ब्लड प्रेशर और दिल की सेहत पर नजर रखें** : विशेषज्ञ डॉक्टर का कहना है कि बुजुर्गों के मेडिकल सलाह का सख्ती से पालन करें। डॉक्टर द्वारा बताई गई दवाएं लेते रहें, खासकर बीपी, डायबिटीज, कोलेस्ट्रॉल की दवाइयां। हर साल फ्लू और निमोनिया के टीके लगवाएं। वायरल इन्फेक्शन दिल की बीमारी को और खराब कर सकते हैं। रेगुलर चेकअप डॉक्टर की सलाह के अनुसार ईसीजी, लिपिड प्रोफाइल और ग्लूकोज मॉनिटरिंग करते रहें।



### डिहाइड्रेशन से खून गाढ़ा हो जाता है, गर्म पानी पीते रहें

डॉक्टर के मुताबिक हाइड्रेटेड रहें, लोग अक्सर सर्दियों में कम पानी पीते हैं हल्के डिहाइड्रेशन से खून गाढ़ा हो जाता है और दिल पर जोर पड़ता है। गर्म पानी, सूप और हर्बल चाय अच्छे ऑप्शन हैं। अच्छी नींद लें और स्ट्रेस कंट्रोल करें। पर्याप्त आराम (7-8 घंटे) ब्लड प्रेशर और दिल की धड़कन को रेगुलेट करने में मदद करता है। स्ट्रेस मैनेज करें मेडिटेशन, हल्की-फुल्की रीडिंग, या हॉबीज़ स्ट्रेस हॉर्मोन (जो दिल पर ज़ोर डालते हैं) को कंट्रोल में रखने में मदद करते हैं।

### टहलने का समय सुबह देर से या दोपहर में कर लें

डॉ. श्रीवाास्तव के मुताबिक घर को आराम से गर्म रखें लगभग 20 से 22 डिग्री सेलसियस तापमान रहे। बहुत ठंडे पानी से नहाने या ठंड में सुबह-सुबह टहलने से बचें - टहलने का समय सुबह देर से या दोपहर में कर लें। एक्टिव रहें लेकिन सुरक्षित रूप से अगर बाहर बहुत ज़्यादा ठंड है, तो घर के अंदर ही एक्सरसाइज़ करें जैसे योग, स्ट्रेचिंग, हल्की एरोबिक्स, स्टेशनरी साइकिलिंग आदि करें। किसी भी एक्सरसाइज़ से पहले ठीक से वार्म-अप करें। ज़्यादा ज़ोर न लगाएं सर्दियों में बर्फ हटाना या अचानक भारी एक्सरसाइज़ करने से हार्ट अटैक आ सकता है।

### हेल्दी सर्दियों का खाना खाएं, कुछ परहेज भी रखें

डॉक्टर का कहना है कि दिल को हेल्दी रखने के लिए ताज़ी सब्ज़ियां (खासकर पत्तेदार सब्ज़ियां, गाजर, चुकंदर), एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर फल (अनार, संतरे, सेब), साबुत अनाज और दालें, मेवे और बीज (बादाम, अलसी के बीज, अखरोट) लें। वहीं खाने में तले हुए और ज़्यादा फैट वाले खाने (घी वाली मिठाइयां, तले हुए स्नैक्स) ज़्यादा नमक (बीपी बढ़ाता है), शराब यह ब्लड वेसल्स को फैला सकती है और गर्मी कम कर सकती है। इन सब से बचें।

## सिटी स्पोर्ट्स

### छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस में लायंस, जेएसएफ और पैंथर्स की जीत



**रायपुर।** वीर स्पोर्ट्स क्लब के तत्वाधान में स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में आयोजित छत्तीसगढ़ फुटबॉल चैंपियंस लीग के चौथे राउंड में 5 रात्रिकालीन मुकाबले खेले गए। क्लब के अध्यक्ष अधिवक्ता प्रवीण जैन ने बताया कि दिन का पहला मैच में शराफत लायंस और बोर्नियो कैपिटल के बीच हुआ। 8वें मिनट में शिवम साहू ने पहला गोल किया, 12वें मिनट में प्रणय ध्रुव ने बढ़त को दोगुना किया और 33वें मिनट में राजेश कुमार ने तीसरा गोल दागा। बोर्नियो एफसी की ओर से शिवेश द्विवेदी ने 44वें मिनट में एक गोल किया, लेकिन मैच शराफत लायंस के पक्ष में 3-1 से जीत चला गया। दूसरे मुकाबले में मैट्स पैंथर्स और ब्रहमविद एफसी आमने सामने थीं। नितेश ने 4, 11 और 39 वें मिनट में लगातार तीन गोल दागकर शानदार हैट्रिक पूरी की। वहीं ब्रहमविद एफसी की ओर से भोले ने 21वें मिनट और अरुण कुमार ने 45वें मिनट में गोल किए। यह मुकाबला मैट्स पैंथर्स ने 3-2 से अपने नाम कर किया।तीसरे मैच में जेएसएफ क्लब और इन्फिनिटी टाइगर्स के बीच खेला गया, मॉरिस दास ने 12वें और 23वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि निरंजन ने 18वें मिनट में गोल कर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। इन्फिनिटी टाइगर्स की ओर से एम. संदीप ने 42वें मिनट में एक गोल किया, लेकिन 48वें मिनट में अरशद हुसैन के गोल ने जेएसएफ क्लब की 4-1 से शानदार जीत पक्की कर दी। चौथे मुकाबले में नरेश चैलेंजर्स और विला एफसी के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला। 9वें मिनट में अजय ने नरेश चैलेंजर्स को शुरुआती बढ़त दिलाई, परंतु 34वें मिनट में उदय ने गोल कर मैच को बराबरी पर ला दिया। यह मैच 1-1 से ड्रॉ पर समाप्त हुआ। पाँचवां मुकाबला एस.एस. ब्लास्टर्स और फिल्स फाइटर्स बिलासपुर के बीच खेला गया, जो पूरी तरह संतुलित रहा। दोनों टीमों ने कई शानदार मौके बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी और मैच 0-0 की बराबरी पर खत्म हुआ।

### कर्नल सीके नायुडु ट्रॉफी में पहले दिन मयंक ने जड़े नाबाद 164 रन



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 23 कर्नल सीके नायुडु ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की टीम का दूसरा मैच मैसूर में कर्नाटक के विरुद्ध खेला गया। पहले दिन छत्तीसगढ़ ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। छत्तीसगढ़ ने पहले बल्लेबाजी करते हुये पहली पारी में 83 ओवरों में 10 विकेट खोकर 303 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से मयंक वर्मा ने शानदार शतक लगाते हुये नाबाद 164 रन बनाये। उनके अतिरिक्त प्रथम जाचक ने 53 रनों का योगदान दिया। कर्नाटक टीम की ओर से शशि कुमार, हार्दिक, ध्रुव तथा कार्तिकेय ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। कर्नाटक ने पहली पारी में 5 ओवरों में बिना किसी नुकसान के 17 रन बना लिये। पहले दिन की समाप्ति तक कर्नाटक 286 रनों से पीछे है।

### जिला स्तरीय नेटबॉल ट्रायल आज



**भिलाई।** चौथी जूनियर राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप अंबिकापुर में 15 और 16 नवंबर को आयोजित है। इस प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल 3 नवंबर को भिलाई विद्यालय स्कूल सेक्टर 02 नेटबॉल ग्राउंड में शाम 4.30 बजे से आयोजित है। खिलाड़ियों का जन्म वर्ष 2007 है। इच्छुक खिलाड़ी ट्रायल हेतु दिए गए समय में आधार कार्ड ,एनएफआई रजिस्ट्रेशन नंबर एवं एक पासपोर्ट फोटो के साथ उपस्थित होना होगा।

### राष्ट्रीय डॉजबॉल चैंपियनशिप में हिस्सा ले रही छत्तीसगढ़ टीम



**रायपुर।** भारतीय डॉजबॉल महासंघ की ओर से तीसरी जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप (बालक/बालिका/मिक्स) का आयोजन 04 नवंबर तक एलजे यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद में जारी है। इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में 22 राज्यों से 48 टीमें भाग ले रही है, जिसमे छत्तीसगढ़ राज्य की भी टीम शामिल है। छत्तीसगढ़ की टीम मे खिलाड़ियों का चयन राज्य के 5 जिलों से किया गया है। जिनमे सुधांशु कुर्रे (कप्तान), घनश्याम टेकाम (उप कप्तान), लक्ष्य पाटनवार, युवराज पाटले, दिव्यम जैन, किशोरकांत कटकवार, हिमांशु लारोकर, दिव्या यादव, राशि पांडे, वृद्धि मानिकपुरी और सृष्टि राज शामिल है।

### यूरिक एसिड़ प्रभावित होने से आती है दूसरी दिक्कतें भीं

# यूरिक एसिड का बढ़ना आम समस्या होते जा रही खानपान में सुधार कर पा सकते हैं दर्द से राहत

जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को यूरिक एसिड की समस्या है उनके लिए यह जोखिम अधिक होता है। इसके अलावा मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां भी यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकती हैं।

क्या आपको भी अक्सर उंगलियों, पैरों और जोड़ों में दर्द बना रहता है? उठना चलना तक मुश्किल होता जा रहा है, ऐसी दिक्कतें हैं तो एक बार यूरिक एसिड की जांच करा लें। हाई यूरिक एसिड की समस्या के कारण इस तरह की दिक्कतें होना बहुत आम हैं।

यूरिक एसिड शरीर में प्यूरिन नामक तत्व के ब्रेकडाउन से बनता है। प्यूरिन प्राकृतिक रूप से शरीर की कोशिकाओं में और कुछ खाद्य पदार्थों में पाया जाता है। जब शरीर में प्यूरिन की मात्रा बढ़ जाती है, तो ये ठीक से बाहर नहीं निकल पाती है और जमा होने लगती है। समय पर इस समस्या पर ध्यान न दिया जाए तो आप मुश्किल में फंस सकते हैं।

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, लाइफस्टाइल और खानपान में सुधार करके आप यूरिक एसिड की समस्या को न सिर्फ कंट्रोल में रख सकते हैं बल्कि पहले से ही कुछ उपाय करके इससे बचाव भी कर सकते हैं। यूरिक एसिड बढ़ा सकती है कई तरह की दिक्कतें



स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने पर कई तरह की दिक्कतें जैसी किडनी स्टोन, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों का खतरा हो सकता है। अगर आप भी अधिक मात्रा में प्रोटीन, शराब, मीट या फिर बहुत अधिक चीनी वाले खाद्य पदार्थ खाते हैं तो इससे आपको यूरिक एसिड की समस्या हो सकती है। जिन लोगों के परिवार में पहले से किसी को यूरिक एसिड की समस्या है उनके लिए यह जोखिम और अधिक होता है। इसके अलावा मधुमेह और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियां भी यूरिक एसिड के स्तर को बढ़ा सकती हैं। अगर आप कम पानी पीते हैं तो किडनी को यूरिक एसिड को बाहर निकालने में कठिनाई होती है, इसके कारण भी जोखिम बढ़ जाता है।

## कुछ सब्जियों से मिलता है लाभ

अध्ययनों में कुछ सब्जियों को यूरिक एसिड की समस्या को कम करने वाला बताया गया है। आइए इस बारे में जानते हैं। पत्तागोभी में उच्च मात्रा में फाइबर और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं जो यूरिक एसिड को कम करने में मदद



करते हैं। इसके अलावा पत्तागोभी में कैल्शियम, पोटेशियम और विटामिन-सी भी भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर को स्वस्थ बनाए रखने में सहायक है। यह शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने में भी मदद करता है।

यूरिक एसिड की समस्या में खीरा खाने से आपको




विशेष लाभ मिल सकता है। खीरा में पानी की मात्रा अधिक होती है, जो शरीर में यूरिक एसिड के स्तर को कम करने में सहायक है। खीरा प्राकृतिक डिटॉक्सिफायर भी है जो शरीर को साफ करने और शरीर से अतिरिक्त यूरिक एसिड को बाहर निकालने में मदद करता है। यूरिक एसिड की समस्या से बचे रहने के लिए आप आहार में टमाटर को भी शामिल कर सकते हैं। टमाटर में लाइकोपीन, विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो यूरिक एसिड के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। यह शरीर को अतिरिक्त यूरिक एसिड को बाहर निकालने और किडनी के कार्यों को बढ़ावा देने में भी सहायक है।

## डैश डाइट से भी मिलता है लाभ

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों को यूरिक एसिड की समस्या होती है उनके लिए डैश डाइट काफी लाभकारी हो सकता है। आमतौर पर उच्च रक्तचाप को कम करने, हृदय को स्वस्थ रखने के लिए इस डाइट का पालन करते रहने की सलाह दी जाती रही है, हालांकि ये यूरिक एसिड को कम करने और गाउट जैसी समस्या से आपको बचाए रखने में भी सहायक है।इस डाइट प्लान में फल, सब्जियां, साबुत अनाज, मेवे और लीन प्रोटीन अधिक खाने की सलाह दी जाती है।



# वेगन डाइट को लेकर भ्रम न पालें, भोजन के नए ट्रेंड के बारे जरूर जानें

शरीर को स्वस्थ रखने और कई प्रकार की बीमारियों के जोखिमों को कम करने के लिए स्वास्थ्य विशेषज्ञ सभी लोगों को रोजाना स्वस्थ और पौष्टिक आहार के सेवन की सलाह देते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि अगर आप पौधों पर आधारित खाद्य पदार्थों या वेगन डाइट का सेवन अधिक करते हैं तो इससे शरीर को कई प्रकार से लाभ मिल सकते हैं। विशेषतौर पर हृदय रोगों के जोखिम को कम करने और वजन को कंट्रोल करने में फायदों को देखते हुए इस तरह के डाइट प्लान की मांग काफी तेजी से बढ़ी है। पर क्या यह जानलेवा भी हो सकती है?

रूस की 39 वर्षीय फूड इन्फ्लुएंसर झना सैमसोनोवा की मौत ने इसपर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। रिपोर्ट केअनुसार, भूख के कारण फूड इन्फ्लुएंसर की मौत हुई है, वह अपने दैनिक आहार में सिर्फ कुछ विशेष प्रकार के फलों का ही सेवन करती थी। झना सोशल मीडिया पर लोकप्रिय थीं और विभिन्न प्लेटफार्मों पर उनके लाखों प्रशंसक थे।

## रॉ वेगन डाइट बनी मौत का कारण?

रिपोर्ट्स के अनुसार झना पिछले पांच वर्षों से रॉ वेगन डाइट का ही सेवन कर रही थीं, जिसमें कुछ फल, सूरजमुखी के बीज के स्प्राउट्स, फलों की स्मूदी और जूस शामिल थे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक झना को 'हैजा जैसा संक्रमण' हो गया था, जिसके लिए रोजाना सिर्फ वेगन डाइट



का ही पालन करना एक कारण माना जा रहा है।

उसके दोस्तों ने खुलासा किया है कि कुछ महीने पहले श्रीलंका में वह पैरों में सूजन और लिम्फ की समस्या से भी पीड़ित थी। झना की मौत ने सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या वेगन डायट स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं है?

## पहले वेगन डाइट के बारे में जान लीजिए

वेगन डाइट, शाकाहारी आहार प्रणाली का हिस्सा है जिसमें पौधों पर आधारित (जैसे सब्जियां, अनाज, मेवे और फल) और पौधों से बने खाद्य पदार्थों को शामिल किया जाता है। वेगन डाइट का पालन करने वाले लोग डेयरी उत्पाद और अंडे सहित पशुओं पर आधारित खाद्य पदार्थ नहीं खाते हैं। अब तक के तमाम अध्ययनों के आधार पर पाया गया कि शरीर को अधिक पोषक तत्वों की पूर्ति करने के साथ वजन कम करने, मधुमेह और कैंसर से बचाने, हृदय रोगों से सुरक्षा देने में इस तरह के डाइट प्लान के लाभ हो सकते हैं।

## फिर कैसे हुई फूड इन्फ्लुएंसर की मौत?

अगर वेगन डाइट सेहत के लिए इतने लाभकारी हैं तो फिर फूड इन्फ्लुएंसर की मौत के लिए इसे कारण क्यों माना जा रहा है? स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रॉ वेगन डाइट के वैसे तो कई प्रकार के स्वास्थ्य लाभ होते हैं पर इस प्रकार के आहार के



कुछ नकारात्मक पहलू भी हैं, खासकर जब आप अच्छी तरह से नियोजित ढंग से इसका सेवन नहीं किया गया हो। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, रॉ वेगन डाइट के कारण शरीर में कैल्शियम और विटामिन-डी की कमी होने का जोखिम रहता है।

# पाव भाजी में चुकंदर डालने से सच में बढ़ता है रंग और स्वाद?



पाव भाजी खाना हम सभी को पसंद होता है, लेकिन इसे खाने का मजा तभी आता है जब यह स्वाद के साथ-साथ देखने में अच्छा लगता है। इसके लिए कई सारे लोग चुकंदर का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन क्या इसके इस्तेमाल से पाव भाजी में रंग आता है।

पाव भाजी एक ऐसा स्ट्रीट फूड है जिसे खाना हर कोई पसंद करता है। कई सारे लोग तो इसे घर पर नाश्ते में बनाना पसंद करते हैं, लेकिन क्या आपने सोचा है कि बाहर वाली पाव भाजी का रंग लाल कैसे होते हैं? साथ ही इसका स्वाद इतना अच्छा कैसे आता है। इसके स्वाद और रंग को बढ़ाने के लिए इसमें चुकंदर डाला जाता है। चुकंदर से इसका रंग लाल नजर आता है। आइए जानते हैं चुकंदर को पाव भाजी में क्यों डाला जाता है और कैसे इसका स्वाद अच्छा आता है, ताकि अगली बार आप भी इसे घर पर चुकंदर डालकर बनाएं।

पाव भाजी में हम सभी ढेर सारी सब्जियों का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन हर किसी का रंग अलग-अलग होता है। साथ ही मसाले इस्तेमाल करने के बाद भी पाव भाजी का रंग लाल नजर नहीं आता है। इसलिए इसके रंग को बढ़ाने के लिए चुकंदर का इस्तेमाल किया जाता है। चुकंदर से पाव भाजी का रंग और स्वाद दोनों बढ़ जाता है। चुकंदर में प्राकृतिक रूप से गहरे लाल रंग का पिगमेंट होता है जिसे बेटालैन भी कहते हैं। जब इसे पाव भाजी में डाला जाता है, तो भाजी का रंग अच्छा दिखता है। इसका इस्तेमाल बाजार में मिलने वाली पाव भाजी में भी सबसे ज्यादा होता है। साथ ही हर किसी को यह खाने के बाद पता भी नहीं चलता है कि इसमें चुकंदर का इस्तेमाल किया गया है। स्वाद की बात करें, तो चुकंदर का अपना एक हल्का मीठा स्वाद होता है। जब इसे पाव भाजी में मिलाया जाता है तो यह तीखे और मसालेदार स्वाद को बैलेंस करता है। चुकंदर को उबालकर पाव भाजी में मिक्स करें इससे यह अच्छे से इसमें मिक्स हो जाता है। यह भाजी को टेस्ट और कलर देता है। चुकंदर भाजी में एक नया और ताजा स्वाद जोड़ता है, जिससे भाजी का स्वाद और बढ़ जाता है।अगली बार आप घर पर पाव भाजी बनाएं तो चुकंदर का इस्तेमाल करें। इससे आपकी पाव भाजी का स्वाद दोगुना हो जाएगा। साथ ही आपको पाव भाजी का रंग देखकर भी इसे खाने का मन करेगा। इससे आपकी पाव भाजी में डले मसालों का टेस्ट भी बैलेंस हो जाएगा।

# धन के लिए करें चावल का आसान उपाय

कड़ी मेहनत के बावजूद लोगों को शिकायत रहती है कि हमें पूरा फल नहीं मिला, लेकिन चावल के इस उपाय से आप अपनी समस्याओं का निपटारा कर सकते हैं।

## इस तरह होगी धन की कमी दूर होगी

अक्षत यानी पूजा में साबुत चावल का उपयोग किया जाता है। हर दिन पूजा की थाली में सफेद चावल के कुछ दाने रखे ही जाते है, इतना



ही नहीं पूजा करते समय भगवान को लाल टीके के बाद चावल भी माथे पर लगाया जाता है। दरअसल, अक्षत का अर्थ से धन की कमी दूर करने से है।

अखंडित से अर्थ है कि एक भी चावल टूटे नहीं होने चाहिए। इस कपड़े में गांठ बांधकर इसे आप अपनी तिजोरी में रख दें। फिर मां लक्ष्मी को भोग लगाएं और उनकी आरती करें। इस उपाय को करने से आपके पास कभी भी धन की कमी नहीं होगी। साथ ही, अगर आपके घर की आर्थिक समस्या भी खत्म हो जाएगी।

## भगवान को चढ़ाएं भोग

आपको भगवान को सफेद चावल के बना खीर चढ़ाना चाहिए। ध्यान रखें कि इसमें नमक नहीं छूना चाहिए। आप शाम के समय यह भोग भगवान को चढ़ाएं। क्योंकि यह माता को प्रसन्न करने का सबसे सही समय होता है। इस समय ही भगवान घर में पधारते हैं।

